'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'
# समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
News app | Online E-Paper | News Portal | Youtube | Facebook | Instagram | Twitter | Tumbler | Reddit

वर्ष 01, अंक 04 पेज 8 | मंगलवार 19 मार्च, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

## हरियाणा में जेपी नड्डा आज करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाथ : जवाहर यादव



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को करनाल में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया, विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा समेत तमाम पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव का आगाज करने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा हरियाणा आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में श्री नड्डा मंगलवार को 11 बजे घरौंडा अनाज मंडी में करनाल लोकसभा के कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करेंगे। मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने बताया कि मोदी सरकार ने 10 सालों में सकारात्मक बदलाव करते हुए देश और प्रदेश को विकास की गति पर तेजी से बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने निर्णयों के जरिए गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृत संकल्प होकर काम किया है। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 9 सालों में ईमानदार प्रयास करते हुए हरियाणा को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे लेकर गए हैं।

जवाहर यादव ने बताया कि दस सालों में मोदी सरकार की नीतियों के कारण गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के जीवन में जो बदलाव आए हैं उनके बारे में कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जो-जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया है। अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य और दिव्य मंदिर बना है। जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटाई है। उज्जवला योजना से महिलाओं को धूआं से मुक्ति मिली है। गरीब परिवारों को पक्का मकान, हर घर नल से जल मोदी सरकार में संभव हो पाया है। जवाहर यादव ने कहा कि दस सालों में देश की सांस्कृतिक विकास विरासत और संस्कृति का उत्थान हुआ है। पूरे विश्व में मोदी के नेतृत्व में भारत का मान और सम्मान बढ़ा है। श्री यादव ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा दस सालों में किए गए उल्लेखीय कार्यों और उपलब्धियों को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनी बात रखेंगे। जवाहर यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 9 सालों में हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन किया है। बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश में विकास किया और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां मिली हैं। 14 फसलें एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना है। श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए कामों के जरिए जनता के बीच जाने के लिए कार्यकर्ताओं प्रोत्साहित करेंगे और नई उर्जा का संचार करेंगे। इस दौरान श्री नड्डा जनता से भाजपा सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों के नाम पर राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील भी करेंगे।

## कार्यकर्ता और विकास के कार्य बनेंगे ऐतिहासिक जीत के आधार : राव इंद्रजीत सिंह

### गुरुग्राम है तैयार, अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार : राव इंद्रजीत सिंह



**समाचार गेट ब्यूरो**

गुरुग्राम, 18 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के गुरुग्राम लोकसभा से प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि कर्मठ कार्यकर्ता और क्षेत्र में हुए विकास कार्य ही भाजपा की ऐतिहासिक जीत के आधार बनेंगे। राव ने कहा कि कार्यकर्ताओं के भरोसे ही उन्हें टिकट मिली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने आपको ''कमल'' का फूल समझकर गुरुग्राम लोकसभा में सबसे बड़ी जीत सुनिश्चित करने में जुट जाएं। राव सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 पार का लक्ष्य पूरा करेगी। कार्यालय पहुंचने पर राव इंद्रजीत का जोरदार स्वागत किया गया।

राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में देश ने विकास की बुलंदियों को छूआ है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम लोकसभा के रेवाड़ी जिले में देश का 22 वां माजरा एम्स बनाया गया है जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि ओल्ड मेट्रो का कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है उनके कार्यकाल में ही गुरुग्राम में हुडा सिटी सेंटर तक मेट्रो आईं थीं। सड़कों का निर्माण क्षेत्र के विकास को बढ़ाने का कार्य करेगा जिसमें दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम - पटौदी- रेवाड़ी नेशनल हाईवे, रेवाड़ी- नारनौल एक्सप्रेसवे, नेशनल हाईवे 152 से चंडीगढ़ की दूरी दक्षिण हरियाणा से घट गई है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम का इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र सरकार के सहयोग से काफी मजबूत हुआ है। राहुल ने कहा कि गुरुग्राम रेवाड़ी में पटौदी रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। वंदे भारत के जरिए चंडीगढ़ का सीधा जुडाव गुरुग्राम रेवाड़ी का हो गया है। राव ने कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास हो चुका है कि गुरुग्राम लोकसभा के पिछले रिकार्ड के मुकाबले इस बार भारी बहुमतों से भाजपा की जीत होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 सालों में प्रदेश में जो विकास कार्य कराएं है वे अपने आप में एक इतिहास हैं। देश और प्रदेश की जनता विकास के नाम पर वोट करेगी।

राव इंद्रजीत सिंह ने विपक्ष को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सोच सिर्फ सत्ता पर काबिज होना है। देश के विकास से विपक्षी पार्टियों को कोई मतलब नहीं है। राव ने राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थिर व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देकर देश को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री मोदी की सोच भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की है। राव ने कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि आप सभी ने एक महीने में प्रधानमंत्री मोदी की दो-दो रैलियां कराकर अपनी ताकत का अहसास कराया है।

बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा से पहले जो भी पार्टी सत्ता में रही वह पहले की अपेक्षा दूसरी बार उतनी सीटें नहीं जीत पाई। उन्होंने कहा कि 2014 के मुकाबले भाजपा ने ज्यादा सीटें 2019 के चुनाव में जीती और तीसरी बार भाजपा 400 पार करके रिकार्ड बनाएगी।

कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण यादव, संजय सिंह, सुधीर सिंगला, विधायक सत्य प्रकाश जरावता, विधायक दीपक मंगला, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, लोकसभा सह संयोजक मनीष मित्तल, जिला प्रभारी संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष कमल यादव, बोधराज सीकरी, मनीष यादव, पूर्व नियर विमल यादव, मधु आजाद, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, पूर्व विधायक बिमला चौधरी, नसीम अहमद महेश चौहान, सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार द्वारा आचार संहिता की सरेआम उड़ाई जा रही हैं धज्जियां : अभय सिंह चौटाला

**कहा अभी तक हरियाणा सरकार की तरफ से प्रदेश में कोई भी आचार संहिता लागू करने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं**

**चुनाव आयुक्त से मांग हरियाणा में आचार संहिता को तुरंत अमल में लाया जाए, सरकारी गाडियों और सरकारी समान को जब्त किया जाए**

**किसी भी मंत्री को सरकारी रेस्ट हाउस में ठहरने व प्रेस वार्ता की इजाजत न दी जाए, मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों और प्रशासन द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग बंद किया जाए**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 18 मार्च।** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने भाजपा सरकार के उपर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री को बदला गया है तब से प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अभी भी सुपर सीएम बने हुए हैं।

नए मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जो सरकार द्वारा विज्ञापन जारी किए गए हैं उनमें पूर्व मुख्यमंत्री का नाम पहले और नए मौजूदा मुख्यमंत्री का नाम उनके बाद लिखा जा रहा है। आचार संहिता की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। अभी भी मंत्री सरकारी गाडियों का दुरूपयोग कर रहे हैं। मौजूदा चीफ सैकरेटरी को छुट्टी पर भेज दिया गया और उनकी जगह नया चीफ सैकरेटरी बना दिया गया। नए चीफ सैकरेटरी को यह समझ में नहीं आ रहा कि करना क्या है? वहीं प्रशासन की स्थिति भी डांवाडोल है और इस चिंता में है कि क्या करे, क्या न करे? नए मंत्रियों को शपथ दिलाने के लिए राजभवन बुला लिया गया लेकिन उनकी ओथ नहीं करवाई गई।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि अभी तक हरियाणा सरकार की तरफ से प्रदेश में कोई भी आचार संहिता लागू करने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने चुनाव आयुक्त से हरियाणा में आचार संहिता को तुरंत अमल में लाने की मांग की और कहा कि सरकारी गाडियों और सरकारी समान को जब्त किया जाए। किसी भी मंत्री को सरकारी रेस्ट हाऊस में ठहरने व प्रेस वार्ता की इजाजत न दी जाए। मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों और प्रशासन द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग बंद किया जाए।

## प्रिंटिंग प्रेस को छपाई के तुरंत बाद चार-चार प्रतियां जिलाधीश के कार्यालय में करवानी होगी जमा




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 18 मार्च।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव- 2024 के दौरान जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के अनुसार कोई भी प्रिंटिंग प्रेस व प्रिंटिंग प्रेस का मालिक चुनाव प्रचार से संबंधित किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री छाप कर नहीं दे सकता। दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई छपाई दस्तावेज किसी के धर्म, जाति, समाज, भाषा या चरित्र हनन का प्रकाशन करता है तो वह गैरकानूनी होगा। उन्होंने बताया कि प्रिंटिंग प्रेस मालिक एवं प्रिंटरज प्रत्येक छपाई की सामग्री के मुख्य पृष्ठ पर अपना पूरा पता प्रिंटिंग प्रेस सहित मुद्रित करेंगे। छपाई के संबंध में प्रत्येक प्रिंटिंग प्रेस मालिक को निर्धारित प्रपत्र 1 व 2 दो छपाई से संबंधित घोषणा जो कि दो व्यक्तियों द्वारा सत्यापित हो जिलाधीश के कार्यालय में छपाई के तुरंत बाद चार-चार प्रतियां जमा करवानी होगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रिंटिंग प्रेस मालिक इन निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## सांसद राव इंद्रजीत सिंह का डर मुँह चढ़कर बोल रहा, आयी कार्यकर्ताओं, विकास कार्यो की याद : माईकल सैनी (आप)

**किन विकास कार्यो की दुहाई देकर चुनावी नैय्या पार लगाना चाहते हैं राव इंद्रजीत? माईकल सैनी (आप)**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम 18 मार्च।** जिस पार्टी के पक्ष में लहर होती है पाला बदल उसकी टिकेट पर चुनाव जीतते आए निवर्तमान सांसद राव इंद्रजीत सिंह पिछले कार्यकाल में कभी कार्यकर्ताओं की जरूरत पर बात करते नजर नहीं आए फिर अचानक यह हृदय परिवर्तन क्या संकेत दे रहा है कहीं राव का भय उनके मुँह चढ़कर तो नहीं बोल रहा है ?

आम आदमी पार्टी नेता माईकल सैनी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं की उनसे दूरियां ही नजर आयी, कभी उन्हें कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाते नहीं देखा गया मगर आज जिस प्रकार वह कार्यकर्ताओं को जीत का आधार बता रहे हैं अर्थात उनकी जरूरत पर बल दे रहे हैं यह सब तो यही संकेत दे रहा हैं कि उनको अपनी हार तय नजर आने लगी है तभी इनकी याद आ रही है और या फिर इन लोगों को बुद्धिहीन मान बहला रहे हैं ?

माईकल सैनी ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि विसंगतियों पूर्ण फुटओवर ब्रिज के उद्घाटन, जीएमडीए के निर्माण अथवा पार्षदों द्वारा पार्को में लगाई लाइटों व कसरती झूले गिनाएंगे और या फिर लेटलतीफी से चल रहे अपूर्ण कार्यो का उल्लेख करेंगे राव इंद्रजीत सिंह आखिर किन विकास कार्यों का उल्लेख कर वैतरणी पार लगाना चाहेंगे ?

**निम्नलिखित**

रोजाना हजारों यात्री अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों जहां वह जर्जर बस स्टैंड जिसे 2016 में ही कंडम घोषित कर दिया गया था भाजपा द्वारा क्या उसका निर्माण करा पाए ?

नो देवियों में से एक माता शीतला जिनसे गुरुग्राम शहर की पहचान है, लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था है जिनमें, उनके लिएं भवन निर्माण कभी का पूर्ण कर उन्हें गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाना चाहिए था मगर वह अजतल्क नहीं बन पाया बताएंगे कि माता का मंदिर अधर में क्यों लटका है ?

चालीस लाख की आबादी वाले शहर में एक सरकारी अस्पताल था जहां हजारों लोगों प्रतिदिन इलाज कराने आते थे जिन्हें सरकारी इलाज नहीं मिल पाने के कारण निजी हॉस्पिटलों में जेबें कटानी पड़ रही हैं, सवाल है जिस इमारत को 2017 में खतरनाक बता उसे तोड़कर नया अस्पताल बनाने की घोषणाएं करती रही भाजपा सरकार, मगर सच्चाई यह है कि 2024 चल रहा है और पिछले सात साल बीतने के बावजूद उसे ठीक से तोड़ा भी नही जा सका है, फिलहाल वहां पार्किंग माफिया वजूद में है मगर क्यों नहीं बन पाया अस्पताल और कब बनकर तैयार होगा कुछ बताते नहीं राव इंद्रजीत सिंह ? माईकल सैनी ने कहा कि आयुध डिपो प्रतिबंधित 900 मीटर क्षेत्र के निवासियों को राहत देने और भाँगरोला यूनिवर्सिटी नहीं बनाए जाने जैसे मुद्दों पर जवाबदेही से बचते आ रहे निवर्तमान सांसद आखिर किन विकास कार्यों का बखान कर चुनाव जीतने की मंशा पाले हैं, क्या झूठी मैट्रो, अपूर्ण एम्स के सहारे जीतेंगे चुनाव ?

## करण दलाल ही दे सकते हैं कृष्णपाल को टक्कर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए कृष्ण पाल गुर्जर के नाम की घोषणा कर दी है, लेकिन ने कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लुकमान रमीज का इस बारे मैं कहना है कि राजनीतिक ताकत की बात करें तो मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस का ही रहा है। कांग्रेस पार्टी से इस समय करण दलाल मजबूत उम्मीदवार है और दूसरी तरफ मोहना मैं किसानों द्वारा किया जा रहा विरोध बता रहा है कि कृष्ण पाल गुर्जर को इस बार मोदी की गारंटी भी हारने से नहीं बचा पाएगी। किसानों के गुस्से का आलम यह है कि हाल ही में उन्होंने उसके पुतले की शव यात्रा भी निकाली थी। आचार संहिता लागू हो चुकी है ऐसे में देर से टिकट घोषित होने से चुनावी तैयारियों के लिए बहुत कम समय मिलेगा। जानकारी के लिए बता दें की लुकमान रमीज इस बार विधानसभा 86 से चुनाव लड़ सकते



हैं, क्योंकि वह हुडडा के करीबी तो हैं ही साथ ही करण दलाल के साथ भी उनके ताल-मेल अच्छे हैं। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो यहाँ से छह बार कांग्रेस, एक बार जनता दल, एक बार लोकदल और पांच बार बीजेपी जीत चुकी है। अब तक यहां 13 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इस बार 14वां आम चुनाव है। अब देखना ये होगा कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधता है।

# भाईचारे का प्रतीक होता है होली का त्यौहार : मूलचंद शर्मा

## नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ होली मिलन समारोह का आयोजन सैक्टर-22 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पं.मूलचंद शर्मा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नीरज शर्मा, महिला आयोग हरियाणा की अध्यक्षा रेनू भाटिया, विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान, समाजसेवी हरप्रीत सिंह, कपिल हुड्डा, बिट्टू बांगा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रकाश भारद्वाज, मुकेश कौशिक, संदीप सेठी, ओ.पी. शर्मा, दशरथ चौरसिया, सुभाष लाम्बा, कुलदीप लाम्बा, अरूण मिश्रा मौजूद रहे।

इस अवसर पर नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा व मंदिर के प्रधान गंगेश तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों का पटका पहनाकर व बुक्के देकर स्वागत किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आए हुए सभी अतिथियों ने फूलों की होली खेली व हिन्दी व भोजपुरी होली के गानों पर जमकर थिरके। मंच का संचालन संजीव कुशवाहा ने किया।

होली मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री पं.मूलचंद शर्मा ने कहा कि होली प्यार, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। पुरानी व भूली-बिरसी बातों को भुला सभी को सद्भाव के साथ होली खेलनी चाहिए, ना कि किसी हिंसा को दिमाग में रखकर।

विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह भारत वर्ष एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है। इस दिन लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं, ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं और घर-घर जा कर लोगों को रंग लगाया जाता है।

इस मौके पर अन्य के अलावा जिला टैक्स बार एसोसिएशन से विजय शर्मा, महेश कुमार, दीपक गेरा, प्रधान राजीव गौड़, महासचिव राजेश गुप्ता, उपप्रधान डी.के. चौबे, सतेन्द्र यादव, पंकज पाराशर, राजेश खटाना, पराग शर्मा, मनमीत कौर, अमित कुमार डा. विंध्या गुप्ता, अनिता शर्मा, ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, शिक्षाविद् राजेश मदान, डा. मानव शर्मा, शोभित आजाद, भूपेन्द्र श्योराण, ज्योति मदान, लाखन सिंह लोधी, प्रदीप गुप्ता, मुकेश दीक्षित, प्रदीप राणा, डा. धर्मेन्द्र नांदल, जगजीत कौर पन्नू, संतोष यादव, परविन्दर राजपाल, अनुपम मिश्रा, सुषमा यादव, सोनू चौधरी अहलावत, वरूण सुखीजा, अंजू चौधरी, थाना मुजेसर प्रभारी सुरेन्द्र सिंह, सचिन तंवर, जितेन्द्र गुर्जर मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशांत मेहता चीनू, साहिल खान, वरूण मेहता, मामेन्द्र शर्मा, अजय, मिथलेश, मनजीत, मनीष, जयकुमार, सतपाल, सूरज कौशिक, सुधीर, कैलाश, अजीत, उत्तम, सुनील कुशवाहा, शिखा कुशवाहा, सरदार मनजीत सिंह, विजय दहिया आदि का सहयोग रहा।

# डॉ.आर एन सिंह 'पूर्वांचल गौरव सम्मान-2024' से हुए अलंकृत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पूर्वांचल फाउंडेशन द्वारा कॉन्सटिट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में आयोजित होली महोत्सव एवं सम्मान समारोह में यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह को शिक्षा, पर्यावरण एवं समाजिक सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'पूर्वांचल गौरव सम्मान'-2024 से सम्मानित किया गया। डॉ. आर एन सिंह को यह सम्मान पूर्वांचल फाउंडेशन के अध्यक्ष एस के सिंह, दिल्ली पुलिस के सहायक आयुक्त- आर के सिंह, निवर्तमान मुख्य आयुक्त (आयकर)- श्वेताभ सुमन, निवर्तमान अतिरिक्त आयुक्त सीमा शुल्क और सीजीएसटी- बिनोद कुमार सिंह के कर कमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे।

# बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाते है स्कूल : बलजीत कौशिक

## कांग्रेसी नेता ने सेक्टर-10 में किया प्ले स्कूल का शुभारंभ



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा है कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है, जहां बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ संस्कारवान बनाया जाता है। आज के बच्चे कल का भविष्य होते है और स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उन्हें देश निर्माण की नींव तैयार की जाती है। बलजीत कौशिक सेक्टर-10 हाऊसिंग बोर्ड में डफोडिल प्ले स्कूल का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री कौशिक ने रिबन काटकर स्कूल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल एवं चेयरमैन अंशु मंगला ने बलजीत कौशिक का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बलजीत कौशिक ने नन्हे-मुन्ने बच्चों से आह्वान किया कि वह स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान की भी जानकारी ले क्योंकि प्रतिस्पर्धा का दौर है और बच्चों का हर क्षेत्र में निपुण होना आवश्यक है। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल एवं चेयरमैन अंशु मंगला ने बताया कि उनके स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान भी दिया जाता है ताकि बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल रहे वहीं सुरक्षा के लिहाज से बेहतर क्लास रूम, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि पहले 50 बच्चों के एडमिशन बिल्कुल निशुल्क किए जाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस विचार विभाग हरियाणा के चेयरमैन विनोद कौशिक ने अंशु मंगला सहित जोगिन्द्र मंगला को स्कूल के शुभारंभ अवसर पर बधाई दी और कहा कि वह छोटे-छोटे बच्चों को बेहतर शिक्षा उपब्ध करवाएंगे ताकि आगे चलकर वह समाज में अच्छे नागरिक के रूप में अपना जीवन जी सके। इस मौके पर डायरेक्टर हेड एंड चेयरमैन जोगिन्द्र मंगला, पूनम अग्रवाल सेक्टर-23ए, पारूल अग्रवाल जवाहर कालोनी, सोनिया भाटिया सेक्टर-22, सुरेंद्र भाटिया, राजीव चौहान, टीचर्स रीना मिश्रा, मीनू मदान, रिया शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आईएलआर में हुई शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** इंसटिट्यूट ऑफ़ लॉ रिसर्च, जसाना, फरीदाबाद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं जैसे वाद विवाद, कविता, मेहंदी क्लासिकल डांस, लोक नृत्य, फैंसी ड्रेस, लोक गीत, सितारवादन व गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। छात्र-छात्राओं ने इन सभी प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ रवि हांडा ने दीप प्रज्वलित करके किया। छात्र विजय को मिस्टर फ्रेशर, गरिमा को मिस फ्रेशर, गजेंद्र को मिस्टर आईएलआर और स्वाति को मिस आईएलआर का अवार्ड दिया गया ढ्ढ इस कार्यक्रम को चार चांद लगाने में हिंदी विषय की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ संगीता वर्मा ने अहम भूमिका निभाई और संस्थान के अन्य अध्यापकगण व कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

# लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं : विक्रम सिंह




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला के सभी राजनीतिक दलों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करने के लिए दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना ना की जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा जारी कर दी गई है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने सभी राजनीतिक दलों के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दा हरियाणा

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों से की प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करने के दिए निर्देश**

डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालना करें। किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना ना करें।

लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने दिशा निर्देश दिए हैं कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपतति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की पर दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार से सार्वजनिक संपतति और सार्वजनिक स्थान पर जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, रेलवे पुल, सडक़ मार्ग, सरकारी बसें, बिजली/टेलीफोन के खंभे,नगरपालिका/ स्थानीय निकाय भवन पर प्रचार सामग्री नही होनी चाहिए। इसके साथ-साथ यदि ऐसा कोई करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। इसके साथ-साथ कोई भी राजनीतिक दल मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना उस पर अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों को डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने कार्यालय परिसर में डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें।

## पर्यावरण के संरक्षण के लिए युवा कर सकते हैं बेहतर काम

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरुक्षेत्र में आज मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज के ईआईएसीपी केन्द्रों द्वारा मिशन लाईफ अभियान के तहत मैराथन, जागरूकता-सह-प्रदर्शनी व विस्तार व्याख्यान पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके उन्होंने कहा कि युवा पर्यावरण के संरक्षण के लिए बेहतर कार्य कर सकते हैं। इसलिए ऐसे कार्यक्रमों में युवाओं की भागीदारी एक अहम पहल है। उन्होंने कहा कि मिशन लाइफ भारत को आत्मनिर्भर और प्रकृति के करीब ले जाने का जन आंदोलन साबित हो रहा है। 2021 में भारत ने यूनाइटेड नेशन के मंच से विश्व को पर्यावरण के लिए जीवन शैली का मंत्र दिया। इसी कड़ी में मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फोरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतर कार्य कर रहा है।

# फरीदाबाद से जीत की हैट्रिक लगाएंगे कृष्णपाल गुर्जर : अजय गौड़

## पंजाबी सभा द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हर वर्ष की तरह इस बार भी पंजाबी सभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सैक्टर ए16 के पंजाबी भवन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंजाबी वर्ग समाज का अग्रणी वर्ग है, जिसने इस शहर को बसाने में विशेष भूमिका अदा की है। उन्होंने अपने संबोधन में सभा के अध्यक्ष गोल्डी संजीव सलूजा व उनकी संपूर्ण टीम को भव्य आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए सभी को होली की बधाई दी। निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ ने इस अवसर पर सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकसभा का चुनावी पर्व भी आरंभ हो चुका है, हरियाणा में सभी दस सीटों पर भाजपा का परचम लहराने वाला है और फरीदाबाद से सांसद कृष्णपाल गुर्जर ना केवल हैट्रिक बनाएंगे बल्कि दस लाख से अधिक मतों से विजयी हो रिकॉर्ड कायम करेंगे। सामारोह में सभा के अध्यक्ष गोल्डी सलूजा, राजेश अरोड़ा, यश बब्बर, धरम बरेजा, पप्पू वर्मा, विनोद मलिक व अश्वनी सेठी सहित सभा की कार्यकारिणी ने कृष्णपाल गुर्जर , अजय गौड़, चेयरमैन धनेश अद्लखा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमित गौड़, भाजपा के जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, युवा मोर्चा के प्रधान शोभित अरोड़ा को पगड़ी पहनाकर स्वागत स्वागत किया। इस अवसर पर जहां भाजपा नेताओं ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा उम्मीदवार श्री गुर्जर के पक्ष में वोट मांगे, वहीं कांग्रेस नेता सुमित गौड़ ने कहा कि पंजाबी समाज ने सभी समुदायों को बेहतरीन खान पान, पहना ओढना और रहन सहन की तहज़ीब सिखाई वहीं अपनी मेहनत के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि वह एक कांग्रेसी परिवार में पैदा हुए और जिदगी भर कांग्रेस में रह कर इसी पार्टी की सेवा करेंगे। कार्यक्रम में जाने माने कवि दिनेश रघुवंशी, सरिता शर्मा, वेद प्रकाश वेद, सुनहरी लाल तुरंत व ईशान देव ने हास्य कविता पाठ कर खूब तालियां बटोरी। सभा के अध्यक्ष गोल्डी सलूजा ने सामारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पिता व सभा के संस्थापक अध्यक्ष वासुदेव सलूजा ने समय समय पर विभिन्न आयोजन कर समाज को जोडने.का जो क्रम आरंभ किया था, वह उस जिम्मेवारी को अपने साथियों के साथ आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए संस्था के संस्थापक प्रधान वासुदेव सलूजा के स्वस्थ एवम लंबी आयु की कामना की।

**सामारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पिता व सभा के संस्थापक अध्यक्ष वासुदेव सलूजा ने समय समय पर विभिन्न आयोजन कर समाज को जोडने.का जो क्रम आरंभ किया था, वह उस जिम्मेवारी को अपने साथियों के साथ आगे बढ़ाते रहेंगे।**

# बत्रा हॉसपिटल के डायरेक्टर करेंगे हर शुक्रवार हृदयरोग से पीड़ित मरीजों की निशुल्क जांच



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉसपिटल द्वारा एन.आई.टी. 2 स्थित भाटिया सेवक समाज चेरिटेबल हॉसपिटल में नि:शुल्क कार्डियेक ओपीडी की शुरुआत की गई जिसमें स्प्रिंगफील्ड कालोनी सेक्टर 31 में स्थित बत्रा हॉसपिटल के डायरेक्टर प्रत्येक शुक्रवार को 4 बजे से 6 बजे तक हृदयरोग से पीड़ित मरीजों का निशुल्क जांच करेंगे एवं उन्हें उपचार हेतु परामर्श देंगे। इस ओपीडी के शुरुआत पर भाटिया सेवक समाज के प्रधान श्री मोहन सिंह भाटिया जी एवं श्री बी डी भाटिया जी ने फूलों का बुके देकर उनका स्वागत किया। बत्रा हॉसपिटल के जन सम्पर्क अधिकारी के रूप में बीरेंद्र गौड़ ने इस ओपीडी का समन्वय कर कार्यक्रम में भाग लिया। जानकारी के लिए बता दें कि हृदयरोग के अनुभवी डॉ पंकज बत्रा का यह जन सेवा में बहुत अच्छा और सराहनीय कदम है जिसके लिए उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। बत्रा परिवार नर सेवा नारायण सेवा में विश्वास रखते हुए वर्षों से जनसेवा में संलग्न है।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की सुबह और शाम इकाइयों के सात दिवसीय शिविर का समापन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों (सुबह और शाम) इकाइयों के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह आज दिनांक 17 मार्च 2024 को संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि डायरेक्टर अगम बेदी जी व नुपुर नागपाल जी रहे विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की प्रिंसिपल डॉ रुचिरा खुल्लर महाविद्यालय जी रहीं। महाविद्यालय प्रांगण में आते ही मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों द्वारा तैयार की गई गैलरी का निरीक्षण किया जिसमें स्वयंसेवकों ने दीवारों पर विभिन्न प्रकार की पेंटिंग इत्यादि से एनएसएस के संदेशों को उजागर करने का काम किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई उसके बाद बच्चों ने 7 दिन की गतिविधियों का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। शिविर के दौरान बच्चों ने रंगोली ,पेंटिंग, संगीत, नृत्य जैसी प्रतियोगिताओं को करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया गया। स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत, एनएसएस के उद्देश्य के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया मोहिनी व प्रीति ने हरियाणवी डांस, ज्योति ने कविता, सिद्धि गौतम ने नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने पूरे शिविर की रिपोर्ट पढ़ी। शिविर में पहुंचे मनमोहन जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक राष्ट्र की धरोहर होते हैं,भारतीय दर्शन के प्रतीक होते हैं एवं राष्ट्र के सजग प्रहरी की तरह काम करते हैं। राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की प्रिंसिपल डॉ रुचिरा खुल्लर जी ने आगामी दिनों में महाविद्यालय में एनएसएस के विश्वविद्यालय स्तर के कार्यक्रम करने के प्रेरणा स्वयंसेवकों को दी व स्वयंसेवकों को सफल एनएसएस कैंप के लिए बधाई दी और इसी तरह एनएसएस के द्वारा समाज का उत्थान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में बेस्ट वालंटियर प्रीति एवं अनीश,और विवेक रहे। बेस्ट टीम लीडर रितिक,दीपांशु और आरती रही। बेस्ट अनुशासित बॉयज जतिन और वरुण मिश्रा व बेस्ट गर्ल्स सुदेश और निशा रहीं। सभी शिविर के प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ उपासना, डॉ सुमन जून सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ विशाल सिंह एवं डॉ दुर्गेश के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ने मनाया होली मिलन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को ग्रेटर फरीदाबाद में मवई रोड स्थित सांई मंदिर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने खूब नाच गाकर होली के गीतों का आनंद लिया एवं फूलों द्वारा होली खेली। सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि संस्था की ओर से हर साल होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें भक्तजनों के अलावा अन्य लोग आपसी वैर भाव भूलकर होली आयोजन का आनंद लेते हैं ।होली कार्यक्रम में होली के गीत व रसियों पर सभी ने जमकर नृत्य किया। इस कार्यक्रम में प्रधान जतिन गर्ग , पंडित विनय शास्त्री , डॉक्टर नवीन, अनीश, सुधीर मेहता , मुनिराज भांमरी विशेष तौर पर मौजूद थे । कार्यक्रम के पश्चात लोगों ने सांई रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।

# नरेंद्र जैन को फरीदाबाद रत्न से किया सम्मानित




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय महिला जागृति मंच फरीदाबाद की ओर से समाजसेवी नरेंद्र जैन को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए फरीदाबाद रत्न से सम्मानित किया गया है। नरेंद्र जैन ने इस सम्मान के लिए संस्था का आभार प्रकट किया और कहा कि यह सम्मान उनके लिए एक नई ऊर्जा का काम करेगा और पहले से भी ज्यादा सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। नरेंद्र जैन ने बताया कि वह अब तक 3000 से भी ज्यादा लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा चुके हैं । वर्तमान में वह सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक हैं , आरडब्ल्यूए सेक्टर 18-ए के महासचिव एवं श्मशान घाट कमेटी खेड़ी पुल के सचिव पद का कार्यभार देख रहे हैं।

# प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी अरुण बजाज को हरियाणा सेफ्टी कौंसिल में उद्योगों के प्रतिनिधित्व के लिए किया गया मनोनीत





**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश सरकार ने पांच वेलफेयर बोर्डो का गठन करते हुए लघु उद्योग भारती के 11 सदस्यो को इन वेलफेयर बोर्डो का सदस्य मनोनीत किया है जिसमे फरीदाबाद के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी श्री अरुण बजाज जी को हरियाणा सेफ्टी कौंसिल में उद्योगों के प्रतिनिधित्व के लिए फरीदाबाद से मनोनीत किया है। पद मिलने के बाद श्री अरुण बजाज जी ने लघु उद्योग भारती के सदस्यों को विभिन्न बोर्डो में मनोनीत करने के लिए हम हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी तथा निवर्तमान मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी का आभार तथा धन्यवाद् व्यक्त किया है। लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता जी ने ख़ुशी जाहिर करते हुए लघु उद्योग भारती हरियाणा संगठन का धन्यवाद किया है। गौरतलब है की लघु उद्योग हरियाणा के सह प्रभारी एवम राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य श्री अरूण बजाज जी फरीदाबाद की कई सामाजिक और औद्योगिक संगठनों से पिछले काफी समय से जुड़े हुए है। उन्होंने इस पद पर मनोनीत होने के बाद राज्य सलाहकार अनुबंधित लेबर बोर्ड का धन्यवाद किया है। और कहा है की हरियाणा सेफ्टी कौंसिल का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सड़क सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम करना है। हरियाणा सेफ्टी कौंसिल से जुड़े विभिन्न विभागों के नियमों व शर्तों का विश्लेषण करना और उनके समीकरण के लिए सरकार को सुझाव देना और उसके कल्याण के लिए काम करना है श्री अरुण बजाज जी ने कहा है की वह पूरी निष्ठा, लगन और सबको साथ लेकर चलते हुए कार्य करेंगे। ज्यादा जानकारी देते हुए लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री मनोज रूंगटा जी ने बताया की इसके आलावा राज्य सलाहकार अनुबंधित लेबर बोर्ड में उद्योगों के प्रतिनिधि के लिए लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता जी , लघु उद्योग भारती बल्लभगढ़ इकाई के अध्यक्ष श्री अशोक चौधरी जी , करनाल से श्री प्रवीण गुलाटी जी मनोनीत हुए है। राज्य सलाहकार अनुबंधित लेबर बोर्ड में उद्योगों के प्रतिनिधि के लिए अम्बाला से श्री शभु आदेश मित्तल जी, मनोनीत हुए है। हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड में उद्योगों के प्रतिनिधित्व के लिए रेवाड़ी से श्री संजय डाटा जी, करनाल से श्री अनिल सहगल जी तथा सोनीपत से श्री भपूेंदर शर्मा जी मनोनीत हुए है। हरियाणा राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड उद्योगों के प्रतिनिधित्व के लिए अम्बाला से श्री विनोद बंसल जी , हिसार से श्री अजय सिहं जी मनोनीत हुए है। राज्य श्रम कल्याण बोर्ड में उद्योगों के प्रतिनिधित्व के लिए अम्बाला से श्री शभु आदेश मित्तल जी, पंचकूला से श्री कृष्ण कुमार जैन को मनोनीत किया गया है।

# एडेल डिवाइन कोर्ट में विधायक राजेश नागर का स्वागत

## स्थानीय आरडब्ल्यूए ने विधायक राजेश नागर से साझा किए विचार



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 76 स्थित एडेल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी में तिगांव के विधायक राजेश नागर का जोरदार स्वागत किया गया। इसके लिए नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि चुनावी बिगुल बज चुका है। इस बार हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। हमें 400 से ज्यादा एमपी जीतकर लोकसभा पहुंचेंगे और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे। नागर ने कहा कि आप लोगों ने हमेशा ही हमारा सहयोग किया है और हमें उम्मीद है कि इस बार आप पहले से भी ज्यादा हमारा सहयोग करेंगे। आप लोगों ने पहले भी पहले लोकसभा और फिर विधानसभा में हमें भर भर कर वोट दिए हैं जिससे सबका साथ सबका विकास की सोच रखने वाली भाजपा सरकारें बनाई हैं। आपको यह तय करना होगा कि देश में विकास की गाड़ी पटरी से न उतर पाए। विधायक राजेश नागर ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी सरकार ने देश को एकता के सूत्र में बांधा है, विकास से अछूते रहे वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा है और युवाओं को स्टार्टअप की ताकत देकर आत्मनिर्भर बनाया है। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को दुनिया सैल्यूट कर रही है। आज हमारे पीएम दुनिया के सिरमौर हैं। वह कोरोना जैसी महामारी में भी देश को बचाते हैं और दुनिया के अन्य गरीब देशों की भी मदद करते हैं। यही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और मैडिकल ताकतों को भी भारत की ओर देखना पड़ा और सराहना पड़ा। यहां बड़ी संख्या में जुटे स्थानीय नागरिकों ने विधायक राजेश नागर का फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। लोगों ने कहा कि विधायक नागर का स्वभाव इतना अच्छा है कि उनसे कोई नाराज नहीं हो सकता है। वह समस्या को सुनते ही अधिकारियों को फोन मिला देते हैं और हमारे काम हो जाते हैं। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र तंवर, सतीश कौशिक, बृजेश, कुमार सिन्हा, अभिषेक, मिहिर चौधरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# स्वीप टीमें जिला में मतदाताओं को मतदान के लिए करेंगी जागरूक : सहायक रिटर्निंग अधिकारी आनन्द शर्मा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सहायक जिला रिटर्निंग अधिकारी कम स्वीप एक्टिविटी के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर आनंद शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाले इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के निर्देशन में स्वीप टीम निरंतर प्रयासरत है। टीमें शहरी क्षेत्रों और गांवों में मतदाताओं से मिलकर आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। स्वीप नोडल अधिकारी आनन्द शर्मा बताया कि यह स्वीप टीमें मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझा रही है। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है। सफल चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक है कि वोटर का वोटर लिस्ट में नाम हो, वोट डालने की जानकारी हो, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना में हमें लोकसभा चुनाव में जिले के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक गतिविधियां आयोजित करें। स्वीप टीमें लोकसभा चुनाव को राष्ट्रीय पर्व बताते हुए कहा किस्वीप टीमें लोकसभा चुनाव को राष्ट्रीय पर्व बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में होने वाले मतदान में बूथों पर नुक्कड़ नाटक, मतदान जागरूकता रैली, प्रभात फैरी के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगी। ताकि मतदान में सभी परिवार के लोग बढ़ चढ़ कर सहभागिता करें।

**यह करें मतदाताः**

उन्होंने कहा कि मतदान में बिना किसी भय के हिस्सा लें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान वाले दिन अन्य कार्यों से पहले लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बूथों की ओर कदम बढ़ाए। उन्होंने युवा मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भी अपनी भूमिका पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। टीम ने इस दौरान प्रवासी मजदूरों से भी बातचीत की और उनको आगामी लोकसभा चुनाव में अपने अपने क्षेत्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# जेपी अग्रवाल बने प्रकृति वेलफेयर असोसिएशन के तीसरी बार प्रधान



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर-9 स्थित नंदनवन में प्रकृति वेलफेयर असोसिएशन के चुनाव रविवार को आम मीटिंग में संपन्न हो गए। जिसमें फाउंडर प्रधान जेपी अग्रवाल को तीसरी बार सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इस चुनाव में टीसी मुंजाल को उपप्रधान, डॉ एससी अग्रवाल को सचिव, राकेश निगम को कैशियर और रवि साहनी को ऑडिटर चुना गया। इसके अलावा डॉ दर्शना सिंगला, अनुज शर्मा व राजन चड्डा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रधान जेपी अग्रवाल ने कहा कि असोसिएशन के माध्यम से पार्क, सीवर, पानी व स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
Hi TECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

## संपादकीय

# आसान होती दिख रही है भाजपा की राह!

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है।

# क्या पुलिस कमिश्नरी बनाने से अपराध खत्म हो जाता है?

नहीं, बिल्कुल नहीं। इस सवाल का जवाब तो कम से कम यही है। पंचकूला को देखो, सोनीपत को देखो। ये जिले अभी इतने बड़े नहीं हैं, जो इन्हें कमिश्नरी बनाया जाए। लेकिन, पता नहीं किस सोच के तहत ऐसा कर दिया गया। अब झज्जर के साथ भी ऐसा ही किया जा रहा है। जबकि, पंचकूला, सोनीपत व झज्जर तो महज एसपी स्तर के अधिकारी के बैठने लायक हैं।

कहीं न कहीं पुलिस कमिश्नरी बनाकर सरकार यह जताना चाहती है कि पुलिस फोर्स को दिशा-निर्देश देने के लिए बड़े अफसरों की जरूरत है। लेकिन, देखा जाए तो हरियाणा पुलिस के जवानों के मामले में यह अपवाद हो सकता है। पानीपत में फ्लाईओवर के नीचे तेंदुआ आया तो पुलिस के जवान निहत्थे ही उससे भिड़ गए। यह जज्बा है हरियाणा पुलिस के जवानों का। हां, अगर कमी है तो एसपी स्तर के अच्छे अफसरों की, जो जिलों में तैनाती के बाद लोभ-लालच के चक्कर में पड़ने की बजाए अपनी फोर्स को अच्छे से गाइड करें। अब सोनीपत पुलिस कमिश्नरी की बात करें तो बी सथीश बालन का सबसे बड़ा माइनस प्वाइंट यह रहा कि उन्होंने खुद को पब्लिक से दूर कर लिया। अगर वे लघु सचिवालय में ही पुलिस कमिश्नरेट बनवाते तो पब्लिक डीलिंग ज्यादा होती, लेकिन उन्होंने शहर से दूर राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में नवनिर्मित पुलिस थाने की बिलडिंग में कमिश्नरेट को चालू करवा दिया। इससे वे सिर्फ कुछ पुलिस असफरों से घिर कर रह गए। जो भी देखते हैं, उनकी आंखों से, उनके कानों से ही सुनते हैं। जिस तरह का नाम बालन का पहले रहा है, उसका एक प्रतिशत भी सोनीपत में देखने को नहीं मिला। पब्लिक कनेक्ट खत्म होने के कारण पुलिस महकमे से अलग बालन के पास सोनीपत जिले में खुद के सूत्र भी न के बराबर हैं।

मुरथल के ढाबे पर रविवार सुबह ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। जबकि, मुरथल एसएचओ की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मुरथल के ढाबों पर फैमली फ्रेंडली माहौल मुहैया कराना है। लेकिन, इस तरह से अपराध बढ़ा और हत्याएं होने लगेंगी तो फिर इन ढाबों के बिजनेस पर बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, मुरथल टोल प्लाजा से गुजरने वाले लोगों से होने वाली बदतमीजी और मार-पिटाई पर मुरथल थाना एसएचओ आज तक पूर्ण रूप से अंकुश नहीं लगा पाए हैं। इस अंकुश न लगाने की वजह को लेकर भी कई तरह की अक्सर चर्चाएं होती रहती हैं।

**सोनीपत सीआईए का भट्ठा बैठा दिया**

सोनीपत की सीआईए यूनिट का सिर्फ हरियाणा ही नहीं पश्चिमी उत्तरप्रदेश व दिल्ली में भी रूक्का-रोला होता था। कितनी ही बार उत्तर प्रदेश के मेरठ, बड़ौत, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर आदि समीपवर्ती इलाके से पुलिस टीम अपने साथ आरोपियों को लेकर सोनीपत सीआईए आती थी। यही नहीं, दिल्ली पुलिस की टीमें, यहां तक की स्पेशल सैल भी अपने साथ आरोपियों को लेकर सोनीपत आती थी। यहां आकर अनऑफिशियली तौर पर बाकायदा आग्रह करती थी कि उनके आरोपियों से सच्चाई उगलवा दें। लेकिन, पिछले कुछ समय से साल दर साल सोनीपत की सीआईए का भट्ठा बैठा दिया गया। शायद कम ही मौके आए हों, जब सोनीपत पुलिस के बड़े अफसरों ने अपनी सीआईए यूनिट का दौरा किया हो।

**- अजय दीप लाठर, लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं।**

# कंपनी गार्डन को बंधक बनाकर की लाखों की चोरी

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** सोहना के समीप रोजका मेव औद्योगिक क्षेत्र में हाईलाइन ऑटोमोटिव कंपनी में सोमवार की अलसुबह चोरों ने लाखों रुपये की चोरी कर ली। चोरों ने गार्ड को वर्कशॉप परिसर में बने कमरे में बंद कर दिया और वहां रखी लाखों रुपये की मशीनें चोरी कर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह सारा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया पुलिस ने इस फुटेज को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू करती है

रोज का मेव औद्योगिक एसोसिएशन के चेयरमैन रतन पाल खटाना ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट नंबर 121 में हाइलाइन आटोमोटिव के नाम से कंपनी है जो की मारुति के पार्ट्स बनाने का काम करती है। कम्पनी की देखरेख के लिए एक गार्ड रखा हुआ है।उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह रात को कंपनी गार्ड कमरे में लेटा था, तभी कुछ लोग वर्कशॉप की दीवार फांदकर आए और उसके कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद उन्होंने वर्कशॉप में रखे लाखों की 10 अलग-अलग तरह की मशीन फिनिशर, डाई समेत अन्य सामान लेकर चले गए। कंपनी में मौजूद गार्ड राजेश ने बताया कि उसे बंधक बनाकर एक कमरे में डाल दिया उसने फोन कर कर अपने भतीजे को बुलाया व उससे दरवाजा खुलवाया उसके बाद कंपनी के मालिक को फोन किया ।कंपनी के गार्ड ने बताया कि उसे बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट भी की ।हालांकि यह सारा मामला सामने लगी कंपनी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया

रोजका थाने के एस एच ओ अरविंद मान ने बताया कि इस मामले में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# सभी राजनीतिक पार्टियों को प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की करनी चाहिए पालना : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

### कहा, लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों से की प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करने के दिए निर्देश

### भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना ना की जाए




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला के सभी राजनीतिक दलों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करने के लिए दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना ना की जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा जारी कर दी गई है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने सभी राजनीतिक दलों के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दा हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालना करें। किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना ना करें। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने दिशा निर्देश दिए हैं कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपतति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की पर दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार से सार्वजनिक संपतति और सार्वजनिक स्थान पर जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, रेलवे पुल, सडक़मार्ग, सरकारी बसें, बिजली/टेलीफोन के खंभे,नगरपालिका/स्थानीय निकाय भवन पर प्रचार सामग्री नही होनी चाहिए। इसके साथ-साथ यदि ऐसा कोई करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। इसके साथ-साथ कोई भी राजनीतिक दल मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना उस पर अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता।

**अधिकारियों को यह दिए दिशा निर्देश:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों को डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने कार्यालय परिसर में डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। जिलाधीश ने एमसीएफ, स्मार्ट सिटी, एफएमडीए, अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य सर्कल, अधीक्षक अभियंता, लो.नि.वि. (भवन तथा मार्ग शाखा) ,महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन, जिला शिक्षा अधिकारी,जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जनस्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यकारी अभियन्ता, लो.नि.वि. (भवन व मार्ग ) के सभी कार्यकारी अभियन्ता, डीएचबीवीएन के सभी कार्यकारी अभियन्ता, सिंचाई विभाग के जिला सभी कार्यकारी अभियन्ता, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला वन अधिकारी, कार्यकारी अभियन्ता, मार्केटिंग बोर्ड, कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज, अधीक्षक अभियन्ता, डीएचबीवीएन, अधीक्षक अभियन्ता, जल सेवा सर्कल, सिविल सर्जन, उपनिदेशक पशुपालन, जिला के सभी खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सरकारी/अर्द्ध सरकारी संपतति पर किसी प्रकार का कोई राजनीतिक संदेश/ होर्डिंग / पोस्टर/वॉल पेटिंग नहीं लगी होनी चाहिए। यदि ऐसा पाया जाता है तो यह हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट 1989 और संशोधित अधिनियम 1996 के अंतर्गत उल्लंघन होगा।

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कहा:**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने सभी राजनीतिक दलों से कहा है कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा है कि प्रशासनिक अनुमति पर केवल जिला में निर्धारित स्थानों पर ही प्रचार सामग्री का प्रयोग किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि प्रशासनिक अनुमति लेकर प्रचार-प्रसार के लिए वाहन का प्रयोग करें। इसके साथ-साथ प्रचार के दौरान अपने भाषण में जाति-धर्म विशेष और असभ्य भाषा का प्रयोग न करें। मर्यादित ढंग से अपना चुनावी प्रचार करें। किसी भी चुनावी रैली या जनसभा के लिए प्रशासनिक अनुमति जरूर लें। वहीं सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक या आपततिजनक पोस्ट न डालें। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विक्रम सिंह ने राजनीतिक दलों के साथ-साथ आमजन से भी यह भी अनुरोध किया है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार से भ्रामक, आपततिजनक या विवादित पोस्ट न डालें। कोई भी पोस्ट करने से पहले से उसको अच्छी प्रकार से जरूर देख लें। भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर पूरी नजर है। यदि कोई सोशल मीडिया पर गैर जिम्मेदाराना पोस्ट करता है। तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं:**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व होता है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण और ढंग से संपन्न करवाना हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है। ऐसे में सभी आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में भागीदार बन जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं।

# साईबर क्राईम के प्रति छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक

### महिला महाविद्वालय उन्हाणी में आयोजित किया गया जागरूक्ता शिविर



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महिला महाविद्वालय उन्हाणी में सोमवार को आयोजित जागरूक्ता शिविर में शहर कनीना की पुलिस टीम छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करने तथा सावधानी बरतने को कहा। कनीना थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति बताया कि मोबाइल पर बगैर पुष्टि किए किसी को भी अपना महत्वपूर्ण डाटा शेयर न करें। युवाओं को साइबर अपराध से बचने के लिए अनेक उदाहरण देकर विस्तारपूर्वक समझाया। टीम ने बताया कि हम किस प्रकार मोबाइल फोन, उसकी वीडियो कॉल आदि के द्वारा होने वाले अपराधों से किस प्रकार बच सकते हैं। साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। छात्राओं से कहा कि मोबाईल का सारा डेटा इंटरनेट पर स्टोरेज रहता है। हैकर्स इसी डाटा को प्राप्त कर लिंक के माध्यम से लोक लुभावनी लाटरी, गिफ्ट, ऑनलाइन छूट का लालच देकर लिंक पर क्लिक कराकर पूरी डिटेल प्राप्त कर फ्रॉड करते हैं। उन्होंने साइबर स्टॉकिंग, फेक अकाउंटस, सेक्सटोर्शन, हनी ट्रैप आदि साइबर क्राइम की जानकारी देकर उनसे बचाव कर अपने आप को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि हैकर्स जानी मानी कंपनियों की सोशल एकाउंट से मिलती जुलती एकाउंट बनाते हैं और लोग जल्दबाजी में उस पर ध्यान न देते हुए आई हुई लिंक पर क्लिक कर देते हैं। जिसके बाद उनके फोन में मौजूद पूरा डेटा उन तक पहुंच जाता है और वह लोग साइबर ठगी व धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग के शिकार हो जाते हैं। टीम ने इससे बचाव के लिए अपने ई-मेल आइडी पासवर्ड व सोशल एकाउंट पासवर्ड पर टू-स्टेप सिक्योरिटी लगाने की बात कही। इसी के साथ ही उनसे पासवर्ड के रूप में जन्मतिथि व फोन नंबर आदि ना डालने की बात कही। पुलिस टीम ने कॉलेज छात्राओं को महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कॉलेज छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि हमारे संविधान में महिलाओं के पास उत्पीड़न, दहेज, तलाक, घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, छेड़छाड़ और अन्य हिंसा से सुरक्षा से पाने के लिए कानूनी अधिकार हैं। पुलिस ने छात्राओं को महिलाओं से जुड़े कानूनों, कानूनी संरक्षण और अधिकारों से अवगत कराते हुए जागरूक किया। टीम ने कहा कि किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना, छात्राओं पर बातचीत करने के लिए दबाव डालना, छेड़छाड़ जैसी किसी भी घटना के होने पर तत्काल पुलिस, परिजनों व शिक्षकों को सूचित करना चाहिए।

# थाना इंचार्ज ने सरपंच व पार्षदों से नशाखोरी पर अंकुश लगाने में की सहयोग की अपील

### सिटी थाने में सोमवार को आयोजित की गई बैठक



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवसथा बनाऐ रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा-निर्देशन में थाना शहर कनीना प्रबंधक निरीक्षक सुधीर कुमार ने सामेवार को थाना क्षेत्र के सरपंचों और वार्ड पार्षदों के साथ बैठक की। उन्होंने सरपंचों को गांव में भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की तथा गांव में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न गांवों में एसपीओ नियुक्त कर खेल प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। थाना प्रभारी ने सरपंचों, वार्ड पार्षदों से नशे के खिलाफ आमजन को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांव में नशीले पदार्थों बेचने वालों, तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को दें। थाना प्रभारी ने शरारती असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश करने अथवा किसी तरह की अफवाह फैलाने की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने की बात कही। जिस पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले, अवैध हथियार रखने वाले, जुआ खेलने वालों की सूचना पुलिस को दें, ताकि इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। थाना प्रभारी ने लोकसभा चुनाव मद्देनजर बैठक में मौजूद सभी से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्र में शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपना लाइसेंसी हथियार थाने में जमा कराने में सहयोग करें।

SAMRAAT YADAV 9899989964
सम्राट
PROPERTY AND CONSTRUCTION
DEALS IN
ALL HSVP SECTORS - 62,64,65 AND AGRICULTURAL LAND & INDUSTRIAL PLOTS
PLOT NO.360P SECTORS -65 BALLABGARH FARIDABAD 121004

VAISHALI PROPERTIES
DEALS IN :ALL HSVP SECTORS FARIDABAD
PLOT NO .934, SECTOR-64 NEAR 64-65 DIVIDING,BALLABGARH,FARIDABAD
RAMESH AGGARWAL 9810772292

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता के नियमों का करें पालन : विक्रम सिंह

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जाएगा। 18 वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे देश के साथ जिला फरीदाबाद में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसका पालन करना सभी के लिए जरूरी है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में दोपहर बाद प्रैस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई चुनाव घोषणा के अनुसार जिला फरीदाबाद सहित पूरे प्रदेश में आगामी 25 मई को लोकसभा के चुनाव होंगे, जिसके लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन किए जा सकेंगे। उन्होंने आगे बताया कि 7 मई को नामांकनों की छटनी का कार्य होगा और 9 मई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। वहीं 25 मई को मतदान होने के बाद 4 जून को मतगणना होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास है कि जो भी 1 जनवरी 2024 को 18 साल का हो गया है, उसका नाम अवश्य मतदाता सूची में हो। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है, इस पर मतदाता अपने नाम को चैक कर सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से मीडिया के जरिये अपील की कि वे अपना पहचान पत्र अवश्य लें। क्योंकि इसके बिना वे अपना मतदान नहीं कर पाएंगे। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, विशेषकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर नोटा का बटन भी होगा। अगर कोई मतदाता किसी भी उम्मीदवार को पसंद नहीं करता है तो वह इस बटन का प्रयोग कर सकता है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार चुनाव में आईटी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाएगा। मतदान केंद्रों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए पुलिस बल के अलावा सूचना एवं प्रौद्योगिकी की हर तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। अब किसी भी प्रकार का सरकारी प्रचार नहीं होगा और न ही सत्ताधारी दल सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी अगर कोई कोताही करते हैं तो उनके खिलाफ न केवल अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी




बल्कि आपराधिक मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

**यह मीडिया के लिए हिदायतें:**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पेड न्यूज पर जैसे समाचार लोकतंत्र के लिए धातक हैं। भारतीय चुनाव आयोग ने पेड न्यूज के मामले को बहुत ही गंभीरता से लिया है। मीडिया को समाचार की शक्ल में कोई भी विज्ञापन नहीं छापना चाहिए और न ही किसी उम्मीदवार की अनावश्यक प्रशंसा या बुराई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लाभ लेकर समाचार छपवाना भी पेड न्यूज में आता है और ऐसी पेड न्यूज का आकलन करके खर्च को संबंधित उम्मीदवार के चुनावी खर्च में जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेड न्यूज के संबंध में चुनाव अधिकारी द्वारा नोटिस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी/अधिकारी चुनाव में ड्यूटी देंगे, उनके लिए चुनाव ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा और वे उसी मतदान केंद्र पर अपना मतदान कर सकेंगे, जहां उनकी ड्यूटी होगी।

**यह है फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में मतदाता:**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला फरीदाबाद और पलवल विधान सभा क्षेत्रों में वर्ष 2019 में 20 लाख 66 हजार 24 मतदाता और वर्ष 2024 में बढ़कर 23 लाख 81 हजार 786 मतदाता हैं। जिसमें वर्ष 2019 में पुरुष निर्वाचक पलवल में 3 लाख 27 हजार 805 और फरीदाबाद में 08 लाख नौ हजार 41 मतदाता और दो लाख 75 हजार तीन सौ 51 और 6 लाख 53 हजार 7 सौ 25 महिला मतदाता और थर्ड जेंडर आठ और चालिस थे। जोकि अब वर्ष 2024 में बढ़कर 03 लाख 65 हजार 4 सौ चौंतीस और जिला फरीदाबाद में 09 लाख 27 हजार छह सौ इक्कीस पुरुष मतदाता और तीन लाख 16 हजार चार सौ और 07 लाख 72 हजार एक सौ एक महिला और थर्ड जेंडर 36 व 70 मतदाता है। वहीं 2019 के मुताबिक दिव्यांगजन मतदाता पलवल में 4 हजार एक सो 15 और फरीदाबाद में 5 हजार आठ सौ 41 मतदाता है और 2024 में पलवल में बढ़कर 5 हजार चार सौ चौबीस व फरीदाबाद में 11 हजार चार सौ 36 है। चुनावी आबादी के आधार पर 2019 में पलवल में पांच सौ पांच और फरीदाबाद में पांच सौ चुरानवे और वर्ष 2024 में पांच सौ चालीस और फरीदाबाद में छह सौ त्रेसठ है।

**ये है युवा मतदाता:**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि 18 से 19 आयु वर्ष के इलेक्टर्स 2019 में पलवल में 11 हजार छे सौ 73 थे और फरीदाबाद में 27 हजार सात सौ 98 यह मतदाता बढ़कर 2024 में 10 हजार तीन सौ 36 व 23 हजार पांच सौ 1 हो चुके है। वहीं 20 से 29 आयु वर्ष के इलेक्टर्स पलवल जिले में 01 लाख 54 हजार 5 सौ 31 और फरीदाबाद में 3 लाख 9 हजार 4 सौ 32 थे और यह 2024 में बढ़कर 1 लाख 57 हजार सात सौ 42 व 3 लाख तीन हजार चार सौ 19 तक बढ़े है।

यह है बुजुर्ग मतदाता:

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में 80 वर्ष के बुजुर्ग को देखा जाएं तो 2019 के पलवल की इनकी संख्या 11 हजार तीन सौ 45 थी और फरीदाबाद में 19 हजार आठ सौ63 थी। वहीं 2024 में यह संख्या बढ़कर 13 हजार सात सौ 71 और 30085 हो चुके है। जबकि 100 वर्ष की आयु वाले बुजुर्गों को पलवल में 2019 में दो सौ 34 और फरीदाबाद में पांच सौ 41 और 2024 में फरीदाबाद में दो सौ 15 और चार सौ 99 तक बढ़ती है।

**यह है सर्विस मतदाता:**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में सर्विस वोटर 2019 में पलवल में 4 हजार दो सौ चौबीस व फरीदाबाद में 1 हजार आठ सौ 38 थे और 2024 में चार हजार चार सौ तैंतीस और फरीदाबाद में एक हजार आठ सौ अठासी तक बढ़े।

**लोक सभा के आम चुनाव, 2024- बैठक:**

बता दें कि उपरोक्त विषय पर प्रस्तुत है कि लोक सभा के आम चुनाव, 2024 के सम्बन्ध में आज सोमवार 18-03-2024 को दोपहर 02:00 बजे सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा जिले के सभी बैंक मैनेजर की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें का चुनाव एजेंडा यह रहा। चुनाव प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतो अनुसार Free and Fair व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाया जाना है, जिसमें Model Code of Conduct Prevention of defacement of property Act का पूर्णतया: पालन किया जाए। कोई भी उम्मीदवार चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेगा। ऐसा करने पर उसके विरूद्ध एफ.आई.आर भी दर्ज हो सकती है। बिना अनुमति के अगर उम्मीदवार के समर्थक भी खर्च करते हैं तो उनके विरूद्ध भी कार्यवाही होगी। चुनाव के दौरान कोई भी जनसभा, बिना परमिशन के नहीं की जाऐगी। वाहन लाउडस्पीकर आदि सभी की परमीशन प्राप्त करके चुनाव कार्य करवाया जाए। उम्मीदवार द्वारा जिस स्थान पर जन सभा करवाई जाए उस स्थान की जन सभा के बाद सफाई आदि साथ-2 करवाई जाए।

राजनैतिक दलों से यह भी अनुरोध किया जाए कि किसी भी प्रकार की चुनाव सामग्री में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाना है. क्योंकि प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्णत: पाबंदी है। मतदान वाले दिन पोलिंग बूथ पर सेल्फी लेने और वोट डालते समय विडियो या फोटो खींचने पर पूर्णत पाबंदी है। यदि ऐसा किया गया तो उस पर चुनाव नियमों के तहत कार्यवाही होगी। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार अपनी सभा में एक दूसरे उम्मीदवार के विरूद्ध गलत भाषणबाजी नहीं करेंगे अर्थात भाषणों में किसी धर्म, जाति या समुदाय के खिलाफ कोई अपशब्द नहीं बोलना और किसी व्यक्ति की निजी बुराई नहीं करेंगे। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या प्रत्याशी को पहले ही कार्यक्रम के बारे में पुलिस अधिकारियों को सूचना देनी होगी ताकि वह शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने का पर्याप्त इंतजाम कर सकें। रैली व रोड शो के समय ट्रैफिक के नियमों का पालन किया जाए। चुनाव जुलूस की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि जहां तक हो सके उन्हें सड़क की दाई ओर रखा जाए और ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देश और सलाह का कड़ाई से पालन किया जाए। प्रचार के लिए किसी भी पशु-पक्षी आदि जीव का इस्तेमाल नहीं किया जाना है। चुनाव प्रचार में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शामिल नहीं किया जाना है। कोई भी पोलिंग एजेंट पोलिंग स्टेशन के अंदर फोन लेकर नहीं जायेगा। चुनाव के समय कोई भी कैंडिडेट पोलिंग स्टेशन के 200 मीटर के अन्दर प्रचार सामग्री नही लायेगा और न ही कोई बूथ स्थापित करेगा। पोलिंग के दौरान पोलिंग स्टेशन से 200 मीटर की दूरी पर केवल एक मेज, दो कुर्सी व एक छाता ही डालकर अपना बूथ स्थापित कर सकता है। 15. भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव के समय राशि रूपये- 95,00,000/- (रूपये पिच्चानवय लाख) अपने चुनाव आदि पर खर्च कर सकते है। लोकसभा के चुनाव में उम्मीदवार द्वारा रूपये- 25,000/- की राशि जमानत के रूप में जमा करवानी होंगी। प्रेस वार्ता में डीआईपीआरओ राकेश गौतम, एआईपीआरओ संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी और वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

# होली मिलन उत्सव में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**




**पलवल।** विश्व मांस बहिष्कार दिवस एवं वैश्विक पुनर्चक्रण दिवस पर पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा होली मिलन उत्सव मनाया गया। श्रीशिव मंदिर बघेल धर्मशाला राजीव नगर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर मानिक चंद, मास्टर थानसिंह ने की, जबकि संचालन ईश्वरराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ढोलक, चिमटे सहित अन्य वाद्य यंत्रों के साथ नाच-गाकर व हर्बल गुलाल से तिलक लगाकर होली मनाई गई। इस अवसर पर पुष्पों से होली खेल बच्चों को भारतीय संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व व संरक्षण के प्रति जागरूक किया। समिति संयोजन डॉ.रामकुमार बघेल ने कहा कि सभी पर्व एकता, भाईचारे व पवित्रता का संदेश देते हैं। हमें अपनी खुशी के लिए दूसरों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। बेजुबान पशु-पक्षियों पर रंग नहीं लगाएं, क्योंकि केमिकल युक्त रंगों से सभी को नुकसान पहुंचता है। सभी शाकाहारी बनें तथा प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करें, तभी भविष्य के लिए प्रकृति और संस्कृति का महत्त्व बचा रह सकता है। अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाकर रखना सभी का कर्तव्य है। भगवान श्री कृष्ण स्वरूप में नन्हें बच्चे कार्तिकेय ने हाथों में जल बचाओ व पौधे लगाओ के संदेश पट लेकर सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर पौधे वितरित भी किए गए। कार्यक्रम में अमरपाल, श्रीचंद, गजेंद्र, देव, प्रमोद, बिजेंद्र, धर्मचंद वैद्य, धर्मजीत, मास्टर गुलवीर, लाला ठेकेदार मौजूद रहे।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा राजकीय विद्यालय चिरावटा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में एनएसएस अधिकारी हरदीप सिंह नरवाल व सहायक सुनील कुंडू ने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को योगासन कराया गया। स्कूल के प्रभारी रण सिंह, शिक्षक जवाहर सिंह व केडी शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति चरित्रवान होता है, वह अपने जीवन में कभी असफल नहीं होता। वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ.विशाल ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र धर्म से बढ़कर कुछ



नहीं है। राष्ट्र सुरक्षित है, तभी हम सुरक्षित हैं। राष्ट्र को अपने परिवार से पहले स्थान दें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। लाइब्रेरियन प्रवीण ने विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाया। बच्चों ने कद्दू बेल, सुदर्शन चक्र, बम फोड़, करंट, शेर बंदूक आदमी खेल भी खेले।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर बहु की गला दबाकर की हत्या

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** शादी के बाद दहेज के लिए प्रतांडित करने व बेटी को जन्म देने पर दहेज में पांच लाख नगद व बुलेट बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की ससुरालजनों ने गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। हसनपुर थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, जिला नूंह के निवाना गांव निवासी चिरंजी लाल ने दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी बेटी गजना की शादी 16 फरवरी 2020 को सहनोली गांव निवासी सोनू के साथ की थी। शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के बाद से ससुराल जन पति सोनू, सास बविता, ननद पूजा, देवर पवन व ससुर राकेश दहेज के लिए उसकी बेटी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। इसी दौरान उसकी बेटी ने एक बेटी को जन्म दिया जो तीन वर्ष की है। आरोपियों ने उसकी बेटी से कहा कि अब तूने बेटी को जन्म दिया है, तो माईके से पांच लाख रुपए नगद व बुलेट बाइक लाकर दे। पीड़ित का आरोप है कि उसकी बेटी गजना की रविवार देर शाम उक्त सभी आरोपियों ने मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी। हनसपुर थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रेलवे ट्रेक में मिला व्यक्ति का शव, पहचान नहीं

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** असावटी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। जिसके बाद जीआरपी ने शव को पहचान व पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। जीआरपी चौकी प्रभारी भीम सिंह के अनुसार, रेलवे लाईन के कीमैन पिंटू कुमार ने स्टेशन मास्टर शेखर मंगला को सूचना दी कि किलोमीटर नंबर 1483 पर फिरोजपुर गांव के रजवाहे के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना मिलने पर एसआई भीम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी और न ही मृतक के पास ऐसा कोई कागज मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। जीआरपी के अनुसार मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 60 वर्ष है और मृतक के बॉय हाथ पर बेलनुमा टैटू गुदा हुआ है। मृतक ने नीले रंग की गोल गले की जर्सी, पीले रंग की टी-शर्ट व काले रंग का लोअर पहना हुआ है। जीआरपी ने आसपास के थानों में मृतक का फोट कर पहचान के लिए भिजवा दिया है।

# भौतिकवाद की चकाचौंध में लोग आपसी मर्यादाओं को भूलते जा रहे हैं: हर्ष कुमार

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** गांव मरौली में पूर्व जिला राजस्व अधिकारी बस्तीराम द्वारा गौशाला द्वार का निर्माण कराया गया।जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने किया।पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार का लोगों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया।पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने कहा कि भौतिकवाद की चकाचौंध में लोग आपसी मर्यादा को भूलते जा रहे हैं। इसलिए समाज में आपसी भाईचारा घट रहा है।उन्होंने कहा कि पूर्व जिला राजस्व अधिकारी बस्ती राम ने गौशाला के द्वारा का निर्माण करा कर



सराहनीय कार्य किया है। हम सभी को मिलकर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।उन्होंने कहा ऐसे कार्यों से समाज में भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग उनकी जिम्मेवारी लगाएंगे वह हमेशा उसे पर खरा उतरेंगे।पूर्व जिला राजस्व अधिकारी बस्ती राम ने पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार व सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह समाज के कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़कर भाग लेते रहेंगे।

## नैशनल हाईवे पर कट की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना 372 वें दिन भी जारी




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नैशनल ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस-वे 152डी पर सेहलंग-बागोत के मध्य कट की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा जारी किया गया अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 372वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रामभगत बागोत ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीणों के साथ सरासर अन्याय कर रही है। जबकि केंद्रीय वजीर द्वारा बीते समय मंच से घोषणा करने के बाद धरातल पर कार्य शुरू नहीं होना बडे दुख की बात है। ग्रामीणों का केंद्र सरकार की करनी व कथनी में अंतर होने से विश्वास उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही इस पर फैसला ले अन्यथा ग्रामीणों द्वारा सरकार के विरूध आदोंलन का बिगुल फूंका जाएगा। संघर्ष समिति के प्रधान विजय सिंह ने कहा कि उनके धरने को 372 दिन बीत चुके हैं। सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। जब तक प्रवेश मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री, लक्ष्मण सिंह,सतपाल सिंह,सूबेदार सुखबीर सिंह,रणधीर पहलवान,हरिओम पोता,मुंशीराम, सतनारायण, हंसकुमार, हेमराज,सुरेश, संजय कुमार, अशोक कुमार, नंदकुमार हाजिर थे।









# जिला उपायुक्त संग आफताब अहमद की बैठक ; रमजान, किसानों सहित कई मुद्दे उठे



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह विधायक व कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने सोमवार को जिला उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा आईएएस से बैठक कर कई मुद्दों को उठाया। विधायक ने अतिरिक्त जिला उपायुक्त प्रदीप कुमार, उप मंडल अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारियों से भी बैठक की है। बैठक में विधायक आफताब अहमद ने रमजान में पर्याप्त बिजली पानी की आपूर्ति के लिए कहा ताकि रोजेदार लोगों को दिक्कतें पेश ना आयें। विधायक ने नूंह के किसानों के फ़सल ख़राबी के कुल 25 करोड़ रुपए में से लंबित 15 करोड़ रुपये भी 31 मार्च से पहले किसानों को बांटने के लिए कहा है। बता दें कि नूंह जिले के किसानों की फसल ख़राबी के मुआवजे को लेकर नूंह विधायक लगातार मुद्दा उठाते रहे हैं, कई बार मामला विधानसभा में भी उन्होंने उठाया। कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने सरसों की सरकारी खरीद ना होने के मामले को भी जिला उपायुक्त के समक्ष उठाते हुए कहा कि मंडी में किसान सरसों ला रहा है लेकिन सरकारी खरीद बंद है जिस कारण वो अपनी सरसों औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर है जिससे उन्हें प्रति क्विंटल 12 सौ से लेकर 15 सौ रुपये का नुकसान हो रहा है। विधायक ने इसका संज्ञान लेकर समाधान के लिए कहा ताकि किसान का नुकसान रोका जा सके।

विधायक आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त से चिल्लावली स्थित स्कूल में तुरंत कक्षाएं शुरू कराने और हाल ही में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा अनुबंध पर 1500 शिक्षकों को लगाने की घोषणा को पूरा कराने के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद ने नूंह के अतिरिक्त जिला उपायुक्त प्रदीप कुमार से शहर की साफ़ सफाई व्यवस्था, लाइटिंग और जल भराव के स्थाई समाधान के लिए कहा है। हाल ही में विधायक के लगातार प्रयासों से शहर से जल निकासी तो हुई लेकिन स्थाई समाधान अभी जरूरी है। विधायक आफताब अहमद ने तावडू खंड के कई गांवों घुसबेठी, धुलावट सहित कई गांवों के किसानों का मामला जिला उपायुक्त के समक्ष उठाया। स्थानीय किसान उनके साथ मौजूद थे जिन्होंने बताया कि उनकी जमीन के मुआवज़ा संबंधी समस्या है जिसका जल्द समाधान कर उन्हें मुआवज़ा दिया जाय। विधायक आफताब अहमद ने बाहर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जिले के लोगों के लिए रमजान में पर्याप्त बिजली पानी आपूर्ति, नूंह के किसानों के लंबित मुआवजे, सरसों खरीद, तावडू किसानों के मुआवजे, नूंह शहर की साफ़ साफ , लाइटिंग- जल निकासी के स्थाई समाधान आदि के मुद्दों को लेकर वो प्रशासन से मिले हैं जिसमें डीसी, एडीसी, उप मंडल अधिकारी आदि शामिल रहे, किसान भी साथ मौजूद रहे, उम्मीद है कि जल्द इन मुद्दों का पूर्ण समाधान होगा। इस दौरान नूंह, तावडू खंड के दर्जनों किसान विधायक संग मौजूद रहे।

# प्रीवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट व आदर्श चुनाव आचार संहिता की सभी अनुपालना करें : धीरेंद्र खड़गटा

## लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का निभाएं फर्ज



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी करने के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है, इसलिए सभी राजनीतिक दलों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी दा हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अनुपालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी राजनैतिक पार्टियां, इनके सदस्य व कार्यकर्ता लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता की उलंघना ना करें। आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपतति या सरकारी परिसर यानी कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान आदि की दीवार पर प्रचार सामग्री, लेखन, पोस्टर आदि लगाना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार से सार्वजनिक संपतति और सार्वजनिक स्थान पर जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सडक़ मार्ग, सरकारी बसें, बिजली/टेलीफोन के खंभे, नगरपालिका/स्थानीय निकाय भवन पर प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं पर इस प्रकार की घटना होती है तो उसे आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। इसके साथ-साथ कोई भी राजनैतिक दल मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना उस पर अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लो.नि.वि. (भवन तथा सडक़ शाखा), हरियाणा राज्य परिवहन निगम, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, बिजली निगम, सिंचाई, जिला वन अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, पंचायती राज, सिविल सर्जन, पशुपालन, सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं को निर्देश दिए हैं कि किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी संपतति पर कोई राजनैतिक संदेश/होर्डिंग/ पोस्टर/ वॉल पेटिंग नहीं लगी होनी चाहिए। यदि ऐसा पाया जाता है तो यह हरियाणा प्रीवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट 1989 और संशोधित अधिनियम 1996 के अन्तर्गत उल्लघंन होगा। उन्होंने कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता में कोई भी राजनैतिक दल व उम्मीदवार पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। प्रशासनिक अनुमति पर केवल जिला में निर्धारित स्थानों पर ही प्रचार सामग्री का प्रयोग किया जा सकता है। प्रशासनिक अनुमति लेकर प्रचार-प्रसार के लिए वाहन का प्रयोग करें। इसके साथ-साथ प्रचार के दौरान अपने भाषण में जाति-धर्म विशेष और असभ्य भाषा का प्रयोग न करें। मर्यादित ढंग से अपना चुनावी प्रचार करें। किसी भी चुनावी रैली या जनसभा के लिए प्रशासनिक अनुमति जरूर लें। उन्होंने राजनैतिक दलों के साथ-साथ आमजन से भी अनुरोध किया है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार से भ्रामक, आपततिजनक या विवादित पोस्ट न डालें। कोई भी पोस्ट करने से पहले से उसको अच्छी प्रकार से जरूर देख लें। चुनाव आयोग व जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर पूरी नजर रहेगी। यदि कोई सोशल मीडिया पर गैर जिम्मेदाराना पोस्ट करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व होता है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक और ढंग से संपन्न करवाना हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है। ऐसे में सभी आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े पर्व में भागीदार बन जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं।

# धोखाधड़ी और लूटपाट मामलें में पांच साल से फरार चल रहे आरोपी को नूंह पुलिस ने दबोचा

## ओएलएक्स पर विज्ञापन के बहाने बुलाकर व्यक्ति से की थी लूटपाट



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लूटपाट व ठगी मामले में मामले में करीब पांच साल से फरार चल रहे एक आरोपी को नूंह सीआईए की टीम ने दबोचा है।जिसकी पहचान राशिद उर्फ रशीद पुत्र जलेबा निवासी दोषरस थाना गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।जिन्होंने अपने साथियों की मदद से वर्ष 2018 में ओएलएक्स पर गाड़ी का विज्ञापन देकर एक व्यक्ति को नूंह बुलाकर मारपीट कर लाखों रुपए की लूटपाट अंजाम दिया था। जानकारी के मुताबिक आरोपी राशिद नूंह शहर थाना के एक मामले में फरार घोषित था।इसके अलावा वर्ष 2018 में ओएलएक्स पर गाड़ी का विज्ञापन देकर व्यक्ति से मारपीट कर लूटपाट के मामले में वांछित था।उन्होंने बताया कि जुलाई 2018 में सचिन गुप्ता निवासी दिलेरगंज शाहाबाद हरदोई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ओएलएक्स पर एक गाड़ी का विज्ञापन देखा था,जिससे संबंधित एक मोबाइल नंबर पर उनकी बात हुई।जिसमें बताए गए पते के मुताबिक को वह एक साथी के साथ नूंह अड़बर चौक पहुंचा। जहां कुछ लोग बाइक पर लेने आए जो उन्हें अकबर चौक से नहर के पास ले गए।जहां पर पहले ही तीन युवक खड़े थे।जिन्होंने अवैध हथियार के बल पर दो लाख साठ हजार,सोने की चेन और मोबाइल पेन ड्राइव सहित कई दस्तावेज छीन लिए। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।जांच में आरोपी राशिद उर्फ रशीद की भूमिका मिली।जिसकी तलाश में पुलिस कई बार दबिश दे चुकी थी। रविवार को गुप्त सूचना पर निरीक्षक अमित कुमार प्रभारी सीआईए नूंह के नेतृत्व में गठित ने रशीद को एक ठिकाने से दबोच लिया। नियम अनुसार कोर्ट में पेश कर उसे न्यायिक विरासत में भेज दिया है।

# विश्व हिन्दू परिषद जिला रेवाडी की अर्धवार्षिक बैठक सम्पन्न हुई



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** रविवार को विश्व हिन्दू परिषद जिला रेवाड़ी की अर्द्धवार्षिक बैठक सतीश पर्बलिक स्कूल, दिल्ली रोड रेवाड़ी पर जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मंच संचालन जिला सह मंत्री परमेश कुमार ने किया। जिला मंत्री राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विहीप हरियाणा प्रांत की योजना अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में 17 मार्च को बैठक होनी तय की गई थी जिसके अनुरूप रेवाडी जिले में बैठक आयोजित की गयी है। यादव ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी को विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे इसलिए विहीप इस वर्ष को षष्टीपूर्ति वर्ष के रूप में बना रहा है। षष्टीपूर्ति वर्ष पूर्ण होने तक विश्व हिंदू परिषद अपने कार्य विभाग, धार्मिक पुंज व सामाजिक पुंज के कार्यों को और अधिक गति देने के लिए प्रयासरत है ताकि विश्व हिंदू परिषद के सभी आयामों द्वारा समाज में अपने-अपने स्तर पर कार्यो को आगे बढ़ाया जा सके जिसमें मुख्य रूप से समाज में सेवा कार्य, सामाजिक समरसता कार्य, प्रचार प्रसार, धर्म प्रचार, गौ रक्षा, गौ सेवा, गौ संवर्धन, मठ मंदिरों की देख रेख, साफ सफाई व अनेक प्रकार के कार्यों को गति देने के लिए जिला, प्रखंड, खंड व ग्राम स्तर पर नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। बैठक के उद्घाटन सत्र में प्रान्त बाल संस्कार प्रमुख श्रीमती कृष्ण आर्य का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हम सब की समाज में अच्छी कार्यशैली है, हमारे अच्छे आचरण से समाज के दूसरे लोगों में भी बदलाव देखने को मिला है। हमें अपने बच्चों में अपनी संस्कृति व अच्छे संस्कारों का निर्माण करना होगा।

बैठक के समापन सत्र में भिवानी विभाग अध्यक्ष विशाल सैनी मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी 6 मास में संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों की योजना बनाकर अच्छे-अच्छे कार्यक्रमों का आयोजन करें जिसमें होली महोत्सव, वर्ष प्रतिपदा-हिंदू नव वर्ष -नव संवत्सर, बैसाखी, बाबा साहब अंबेडकर जयंती, माँ दुर्गा उपासना पर्व-नवरात्रि, श्री राम जन्मोत्सव-रामनवमी, महावीर जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, हिंदू साम्राज्य दिवस, माता सीता अवतरण दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी आदि कार्यक्रम रहेंगे। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने सभी को होली महोत्सव की शुभकामनाएं दी व धन्यवाद ज्ञापित किया। राधेश्याम मित्तल ने बताया कि संगठन की रीति नीति व पद्धति अनुसार संगठन को गति देने के लिये प्रत्येक 6 माही बैठक में कुछ दायित्व परिवर्तन किए जाते है व कुछ नए कार्यकर्ताओं को नए दायित्व सौंप कर नई जिम्मेदारियां सोपी जाती है जिसके अनुसार रेवाडी जिले में भागमल जिला सह संपर्क प्रमुख, मनोज वशिष्ट जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, अश्वनी बजरंगदल जिला टोली सदस्य, कृष्ण यादव जिला सत्संग प्रमुख, शिवम कौशिक बजरंगदल जिला सह संयोजक, मोहन जलियावास प्रखण्ड संयोजक, जितेंद्र खन्ना कोसली प्रखण्ड सह संयोजक, अनूप सिंह बावल प्रखण्ड सह संयोजक, चांद सिंह जलियावास प्रखण्ड धर्म यात्रा महासंघ प्रमुख, शर्मिला जिला सह संयोजिका मातृशक्ति, मदन धवाना डहीना प्रखण्ड अध्यक्ष आदि अपने-अपने दायित्व पर कार्य देखेंगे साथ ही धारूहेड़ा नगर अध्यक्ष जितेन्द्र यादव जोनियावास व नगर मंत्री दीपक यादव की अनुसंशा पर धारूहेड़ा नगर में निम्न दायित्व सोपे गए जिनमे अनिल नगर सेवा प्रमुख, सचिन नगर मठ मंदिर प्रमुख, मुकेश नगर मठ मंदिर सह प्रमुख, बल्लू शेखावत वार्ड 3 अध्यक्ष, विनोद आनंदम सोसाइटी अध्यक्ष, हेमंत नगर सामाजिक समरसता सह प्रमुख, प्रमोद नगर सत्संग प्रमुख, मुकेश भाटी नगर धर्म प्रचार प्रमुख, रामसिंह राजवत निरंजन कालोनी अध्यक्ष, योगेश सुक्ला धारूहेड़ा नगर कॉलोनी अध्यक्ष, प्रवीण भगवान कॉलोनी अध्यक्ष, चक्षु शर्मा दुर्गावाहिनी नगर संयोजिका, राखी शर्मा सह संयोजिका, निर्मला शर्मा मातृशक्ति निरंजन कॉलोनी संयोजिका, शारदा तोमर सह संयोजिका आदि आपने अपने दायित्व पर कार्य देखेंगे। इस अवसर पर विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख रामप्रसाद यादव, दुर्गावाहिनी संयोजिका भावना, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र जोशी, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख पवन भारद्वाज, सह जिला धर्म प्रसार प्रमुख अजित सिंह व अन्य गणमान्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# आईसीएआई ने लगाया रक्तदान शिविर




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** आईसीएआई की रेवाड़ी शाखा ने ललिता मेमोरियल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान बहुत ही नेक कार्य है इससे किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, साथ ही रक्तदाता को भी लाभ मिलता है। समय-समय पर रक्तदान करने से शरीर में बहुत सी बीमारियां नहीं होती। इससे पूर्व उन्होंने रिबन काटकर एवम ज्योति प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। ब्लड बैंक के संचालक डॉक्टर घनश्याम मित्तल एवम डॉक्टर सीमा मित्तल ने रक्तदान के महत्व को विस्तार से बताया। एनआईआरसी रेवाड़ी सचिव सीए नितिन गोयल ने सभी का स्वागत किया। चेयरमैन सीए पवन कुमार ने बताया कि शिविर में 20 यूनिट रक्त सीए साथियों ने दिया। उन्होंने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रेवाड़ी सीए शाखा समय समय पर सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती है। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। उन्होंने डॉक्टर मित्तल दंपति का सहयोग के लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सीए इशांत यादव, वाइस चेयरमैन सीए अनू जैन, सीए अमित यादव, सीए भुवनेश यादव, सीए हितेश नागपाल, सीए सतीश कुमार, सीए सनी भाटिया, सीए प्रवीण कुमार, सीए निधि गौतम, सीए आरके गुप्ता, सीए रॉकी, सीए जतिन सैनी, सीए निकुंज अग्रवाल एवम सीए साहिल खरबंदा आदि का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पंडित छाजूराम ने आश्रम को भेंट की गाय



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** शांति कुंज अनाथ बेसहारा आश्रम मोड़ी में महामहिम राष्ट्रपति से व्योश्रेष्ठ पुरुस्कार से सम्मानित एवं अनेकों संस्थाओं द्वारा सम्मानित पूरा जीवन समाज सेवा में समर्पित जिनकी उम्र 92 वर्ष है, पंडित छाजू राम आश्रम में आए एवं आश्रम में आश्रित लोगों के लिए दूध वाली गाय दान की। आश्रम संचालक ने कहा कि इससे पहले बाबूजी ने आश्रम में नगद दान राशि एवं एक बड़ा टीवी भेंट किया था। बाबूजी के आशीर्वाद एवं इनके मार्गदर्शन से संस्था को हम आगे प्रगतिशील पर ले जा रहे है। प्रकृति रूपी भगवान इनको एवं इनके पूरे परिवार को हमेशा खुश समृद्धि प्रदान करें और हमे आपका आशीर्वाद हमेशा मिलता रहे।


# हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा टीम ने परिसीमन के लिए 5 लोकसभा क्षेत्रों का दौरा किया



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा टीम मिशन परिसीमन 2026 ने फरीदाबाद, गुड़गाँव, भिवानी-महेंद्रगढ़, रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्रों का रविवार को एक सप्ताह का दौरा पूरा किया। सभा के अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी कुल मतदाता संख्या के दृष्टिगत सर्वे में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में राजपूत मतदाताओं की संख्या 1 लाख 75 हजार , गुड़गाँव क्षेत्र में लगभग 2 लाख, भिवानी- महेंद्रगढ़ में 2 लाख 10 हजार , रोहतक में 80 हजार तथा सोनीपत क्षेत्र में 70 हजार का आंकड़ा सामने आया। 2011 की जातिगत जनगणना का हालांकि डाटा सार्वजनिक नही किया गया है लेकिन विभिन्न एजेंसियों के जारी किए गए जातिगत अनुमान में हरियाणा में राजपूत आबादी 6 से 8 प्रतिशत बताई गई है। हरियाणा सरकार के परिवार पहचान पत्र डाटा की सार्वजनिक हुई रिपोर्ट में भी राज्य में 51 प्रतिशत अनुसूचित जाति, बीसी और ओबीसी तथा 49 प्रतिशत समान्य वर्ग की आबादी बताई गई है। समान्य वर्ग में जाट, राजपूत, ब्राह्मण, पंजाबी, वैश्य, रोड तथा बिश्नोई जाति शामिल हैं। अल्पसंख्यक आबादी का अलग से डाटा नही दिया गया इसलिए उन्हें भी सामन्य वर्ग में गिनते हैं तो आंकड़ा इस तरह सामने आता है। अल्पसंख्यक 3 प्रतिशत, बिश्नोई और रोड 1 प्रतिशत, वैश्य 5 प्रतिशत, ब्राह्मण 7 प्रतिशत, पंजाबी 8 प्रतिशत, राजपूत 8 प्रतिशत तथा जाट 17 प्रतिशत।

उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्भाग्य से हरियाणा सरकार तथा मीडिया की कुछ एजेंसियां अपने रिकार्ड और प्रकाशन में राजपूत आबादी का प्रतिशत असलियत से कम जारी कर रही हैं। सभा की टीम जल्दी ही हिसार, सिरसा, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला लोकसभा क्षेत्रों का दौरा पूरा करने के बाद चंडीगढ़ में एक बैठक कर सभी तथ्यों की जानकारी सार्वजनिक करेगी। चौहान ने मीडिया में राजपूत आबादी को कम तर दिखाने वाले संस्थानों से इस बारे अपील की है कि भ्रमपूर्ण और गलत जानकारी देने से परहेज करें। उनके साथ दौरा करने वाली टीम में इन लोकसभा क्षेत्रों के सभा द्वारा नियुक्त कॉर्डिनेटरस डा विजय पुंडीर, अशोक तंवर, राजेश रावत एडवोकेट, चरण सिंह चौहान और देवेन्द्र सिंह परमार एडवोकेट शामिल रहे।



# होडल नेशनल हाईवे 19 पर अर्टिका गाड़ी ने बाइक सवार को मारी टक्कर युवक की मौत

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** होडल नेशनल हाईवे 19 पर गौसेवा धाम हॉस्पिटल के सामने एक तेज रफ्तार आर्टिका गाड़ी ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिसमे बाइक 29 वर्षीय गांव गढ़ी पट्टी निवासी सतवीर की मौत हो गई। सूचना के बाद होडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना करने वाली गाड़ी को कब्जे में लेकर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लेकिन गांव में हुई इस घटना से पूरी तरह से मातम छा गया है। होडल में नेशनल हाईवे 19 पर गौसेवा धाम हॉसपिटल के समीप तेजरफ्तार कार चालक ने



बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी ,कार की टक्कर से बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और वह हाईवे पर गिर गया जिससे युवक को गंभीर चोट लग गई और घटनास्थल पर बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस जांच अधिकारी शिवकुमार ने बताया की गांव गढ़ी पट्टी निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो भाई हैं और उसका छोटा भाई सतवीर करमन बॉर्डर पर स्थित गुलशन ढाबा पर हलवाई का काम करता है। रविवार की सुबह उसका भाई सुबह चार बजे ढाबे पर अपना काम पूरा कर अपनी बाइक पर सवार होकर वापस घर वापस लौट रहा था जैसे वह गौ सेवा धाम अस्पताल के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रही अर्टिगा कार के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही से कार को चलते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से उसके भाई सतवीर 29 वर्ष का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क गिर पड़ा । सड़क पर गिरने से आई गंभीर चोटें से उसके भाई सतवीर की मौके पर मौत हो गई। बाइक को टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मृतक के सब का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया और दुर्घटना करने वाली गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

# क्षेत्र की जनता का भाजपा के कामों से दुखी : देवेश कुमार

## लोकसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को जीताकर भाजपा को वोट की चोट से सिखाएगी सबक

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य देवेश कुमार ने कहा कि भाजपा के शासन में भाजपा कार्यकर्ताओं को भी जब समस्याओं के निपटान के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है तो आमजन इस सरकार से क्या उम्मीद कर सकता है। प्रदेश की जनता अब भाजपा के शासन से पूरी तरह ऊब चुकी है। जिसका खामियाजा होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

देवेश कुमार रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि होडल क्षेत्र से विधायक भाजपा का तथा नगर परिषद में चेयर पर्सन और वाइस चेयरपर्सन भाजपा समर्थित होने के बाबजूद उन्होंने सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिस प्रकार बिजली कार्यालय पर धरना देकर बिजली आपूर्ति बंद की, वह बहुत निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाबजूद भी विभागीय अधिकारी भाजपा नेताओं की कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर बेढ़ा पट्टी और गढ़ी पट्टी की लाइट को शहरी फीडर से जुड़वाया जायेगा। देवेश कुमार ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम जनता अपने काम करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों में चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

सरकार ने आम जनता को प्रॉपर्टी आईडी, ऑन लाइन,परिवार पहचान पत्र, आधार अपडेट कराने में उलझा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणा के वर्षों बाद भी ना तो होडल में बस स्टैंड और पार्क का निर्माण हो सका है और ना ही बेढा पट्टी और गढ़ी पट्टी की लाइट को शहरी फीडर से जोड़ा गया है। इस मामले को लेकर आज भाजपा नेताओं को भी बिजली कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करना पड रहा है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र से हजारों की संख्या में दैनिक यात्री ईएमयू व अन्य लोकल ट्रेनों में पलवल, फरीदाबाद, दिल्ली, गाजियाबाद व अन्य स्थानों तक सफर करते हैं, लेकिन कोराना काल के दौरान बंद की गई ट्रेनों को अभी तक शुरु नहीं किया गया है। जिसके कारण दैनिक यात्री प्राईवेट वाहनों से सफर करने को मजबूर हैं। इस मामले को लेकर दैनिक यात्री कई बार सांसद व अनय जन प्रतिनिधियों से मिल चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता का अब भाजपा से मोहभंग हो चुका है। आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान जनता अब वोट की चोट से भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी।

# कुश्लीपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पुलिस द्वारा लगाया जागरूकता कैंप

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** एसपी डॉ.अंशु सिंगला के कुशल मार्गदर्शन में साइबर जागरूकता अभियान के तहत कुश्लीपुर गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान साईबर पुलिस ने डाइल 1930 का महत्व समझाया साथ ही स्टूडेंट्स व स्कूल के स्टाफ को फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना, वाउचर जीतने, लोन मिलना और घर बैठे लाखों कमाए जैसे, केवाईसी व अन्य बैंकिंग कार्यों लिए आने वाले फर्जी काल से सावधान रहने की हिदायत दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ.अंशु सिंगला के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस की विभिन्न टीम प्रतिदिन आमजन को साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान कर रही है।




इसी क्रम में साइबर पुलिस स्टेशन पलवल में तैनात निरीक्षक जितेंद्र कुमार तथा साइबर सेल प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में साइबर जागरूकता टीम राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुश्लीपुर पहुंची। जहां डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलेज के एनएसएस का कैंप लगा हुआ था। वहां जागरूकता सेमिनार आयोजन कर कॉलेज प्रबंधन एवं स्टूडेंट्स को साइबर अपराध व इसके बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

साइबर थाना में तैनात निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं। ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। एप्प्स और बैंकिंग सिस्टम में सेंधमारी कर साइबर अपराधी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस तरह नागरिकों को ठगी से बचाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने नेशनल साईबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल तैयार किया है। जिसका एक हेल्प लाइन नंबर 1930 भी जारी किया गया है। जिस पर नागरिक साइबर क्राइम से संबंधित अपनी शिकायत दे सकते हैं।

ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति जैसे ही हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत देता है फ्रॉड की जानकारी के आधार पर जिस एकाउंट में पैसा पहुचा होगा, साइबर क्राइम डेस्क द्वारा उस एकाउंट को फ्रीज कर दिया जाएगा और जिस एकाउंट में आपका पैसा गया है उसे साईबर ठग निकाल नहीं पायेगा। साथ ही आपके एकाउंट से निकाले गए पूरे रुपये आपके खाते में वापस आ जायेंगे।

इस पोर्टल और हेल्पलाइन पर दी गई शिकायतों पर पोर्टल अमाउंट को फ्रीज़ करवाने के बाद शिकायत को संबंधित थाने की साइबर डेस्क पर फारवर्ड कर देता है। ब्लॉक करवाई गई धनराशि को वापस पीडि़तों के खाते में भिजवाने की प्रक्रिया पूरी की जाती है।

आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रोफेसर अनिल कुमार एवं श्रीमती वंदना भारद्वाज सहित करीब सैकड़ों उपस्थित स्टूडेंट्स ने जिला पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ.अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराध के बारे में दी गई जानकारी के लिए पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# महर्षि दयानंद की वैदिक अलख गांव-गांव जगानी होगी : युद्धवीर आर्य

**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**हथीन।** महर्षि दयानंद की वैदिक अलख गांव-गांव जगाने होगी तभी देश से पाखंड के अंधकार को दूर किया जा सकता है। यह विचार डॉ युद्धवीर आर्य ने दयानंद जन सेवा समिति व आर्य समाज कौडल के संयुक्त तत्वाधान में गांव कौडल में महाशय करतार सिंह की स्मृति में आयोजित यज्ञ के समापन पर लोगों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। युधिष्ठिर आर्य ने यजमान की भूमिका निभाई। यज्ञ में आर्य समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।महाशय सीताराम आर्य कहा के महाशय करतार सिंह आर्य ने समाज सेवा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए। उन्होंने वैदिक विचारधारा के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाई। तथा सामाजिक कुरीतियां के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया।



महाशय ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि महाशय करतार सिंह ने निर्धन तथा असहाय बालक व बालिकाओं की पढ़ाई लिखाई के लिए छात्रवृतति प्रदान की उनकी यज्ञ हवन और महर्षि दयानंद के प्रति अटूट आस्था थी। उन्होंने सैदेव सत्य व न्याय का पक्ष लिया।इस मौके पर आर्य सभा के प्रतिनिधि चरन सिंह आर्य ने कहा कि ईश्वर और धर्म के नाम पर निरन्तर पाखण्ड बढता ही जा रहा है ।अवैदिक मान्यताओं को रोकने के लिए आर्य समाज को राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाना चाहिए। इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान शेर सिंह आर्य, घासीराम सूबेदार, मास्टर बसन्त कुमार, विक्रम सिंह आर्य, चन्द्र प्रकाश प्रधान,शिवकुमार, ऊधम सिंह सब इंस्पेक्टर, कमल सिंह, महाशय अतर सिंह आदि ने महाशय करतारसिंह आर्य को श्रद्धांजलि प्रदान की। भगत सिंह तेवतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# व्रज की होली देश मे सबसे अनोखी होली है लोग व्रज में देश के साथ साथ विदेशों से भी होली देखने और खेलने आते हैं लोग : डाक्टर नवीन रोहिला

**आपसी भाईचारे को बढाने एवं समाज में एकता का प्रतीक है होली का पर्व : डा. नवीन रोहिल्ला**




**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** होडल विधान सभा क्षेत्र से भावी उम्मीदवार डा.नवीन रोहिल्ला के गोडोता चौक स्थित कार्यालय पर रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिमसें शहर के अलावा आसपास के दर्जनों गावों के पंच, सरपंच, जिला पार्षद, नगर परिषद पार्षदों, गौरक्षकों के अलावा सैंकडों की संख्या में महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न कलाकारों द्वारा होली के रसिया, धार्मिक भजन और फाग आदि प्रस्तुत किए गए, जिन पर समारोह में पहुंचे महिला पुरुषों ने जमकर नृत्य किया। समारोह में पहुंचे सभी गणमान्य व्यक्तियों का डा. नवीन रोहिल्ला व एम.एल. रोहिल्ला द्वारा चंदन का टीका व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डा. नवीन रोहिल्ला ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे को बढाने एवं समाज में एकता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। बृज क्षेत्र में होली का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी परम्परा को निभाते हुए उनके कार्यालय पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से ईको फ्रैंडली होली खेलने और प्राकृतिक रंगों व फूलों से होली का पर्व मनाने का संदेश दिया। कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग ना करें। डा. नवीन रोहिल्ला ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की बधाई दी। समारोह में पं. नवल किशोर शर्मा, पूर्व पार्षद सत्यवीर, प्रवीन कुमार, राजू पंखीया, नीरज, हेतराम पार्षद, गोविंद, सरपंच शशीबाला, राजबीर, राजेंद्र सिंह, पप्पू नारायण सिंह, गुडडा नम्बरदार, ओमप्रकाश स्वामी, अजय कुमार, रूपेंद्र, ईश्वर ठेकेदार सहित सैंकडों महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया।

# देश में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : कृष्णपाल गुर्जर



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** गाँव बगोला में भाजपा नेता कुलबीर देशवाल द्वारा आयोजित जनसभा में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जनसभा में पहुँचने पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का फूल मलोम6 के साथ पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश मे तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। रिकॉर्ड तोड़ मतों से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता उन्हें चुनाव जिताकर तीसरी बार संसद में भेजने का काम करेगी और हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। देश में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्यों की बदौलत एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। इंडिया गठबंधन देश में फेल साबित होगा।विकास कार्यों की बदौलत तीसरी बार मोदी देश के पीएम बनेंगे।फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में उन्होंने खूब विकास कार्य किये हैं। देश में मोदी के नाम की आंधी चल रही है। जिसके डर से दूसरी पार्टियों के नेता मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। इस मौके पर पलवल से भाजपा विधायक दीपक मंगला, जिला परिषद के चैएपर्शन प्रतिनिधि मनोज रावत, पृथला से भाजपा नेता कुलवीर देशवाल, हथीन से भजपा नेता योगिंदर सेहरावत, पूर्व चेयरमैन लेखराज सेहरावत सहित भाजपा के तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरा पहला वोट देश के लिए थीम पर रैली निकालकर नागरिकों को वोट के अधिकार के प्रति किया जागरूक


**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट द्वारा सात दिवसीय एनएनएस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिव विहार पलवल में 21 मार्च तक किया जा रहा है। इस शिविर का संचालन महाविद्यालय की प्रधानाचार्या एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा रानी सांगवान के कुशल मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन रविवार को जिला रैडक्रॉस सोसायटी नूह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने एनएनएस के 50 स्वयं सेवकों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया।




उन्होंने मोबाइल फोन का उचित प्रयोग करने, नशा मुक्ति, नियंत्रित एवं पौष्टिक आहार लेने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को किसी भी दुर्घटना के दौरान घटनास्थल पर घायल को तुरंत सही तरीके से दी जाने वाली फर्स्ट एड जैसे बेहोशी, पानी में डूबने, बिजली का करंट लगने, हार्ट अटैक, सांस बंद होने की स्थिति में समय न गंवाते हुए तुरंत सीपीआर विधि से घायल की सांसे जोड़ने के प्रयोगात्मक तरीके समझाए। शिविर के दूसरे सत्र में जिला रैडक्रॉस सोसायटी पलवल की जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने उपस्थिति को होम नर्सिंग का प्रशिक्षण दिया तथा सभी नागरिकों को आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष मतदान करने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने मतदान के दौरान अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर दिव्यांगजन को व्हील चेयर के माध्यम से पहुंचाने के लिए भी जागरूक किया। इसके उपरांत सायंकालीन सत्र में सभी प्रतिभागियों ने शिव विहार में मेरा पहला वोट देश के लिए थीम पर जागरूकता रैली निकाली तथा सभी नागरिकों को अपनी वोट के अधिकार से अवगत करवाया। रैली के माध्यम से समस्त नागरिकों को निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इसके उपरांत सभी स्वयं सेवकों ने अचार बनाना, ब्यूटीशियन कार्य, बुनाई का अभ्यास किया। इस अवसर पर कुमारी साक्षी भी मौजूद रहीं।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# भगवान जगन्नाथ मंदिर में हुआ संगीतमय होली उत्सव

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भगवान जगन्नाथ मंदिर में संगीतमय होली महोत्सव जागरण के साथ मनाया गया। जानकारी देते हुए पंडित टेकचंद स्वामी ने बताया कि जगन्नाथ यात्रा से पूर्व भगवान श्रीजगन्नाथ मंदिर में होली महोत्सव मनाया जाता है यह परंपरा सैकड़ों वर्षो से चली आ रही है होली महोत्सव में रात्रि को जागरण का आयोजन किया गया जो सुबह आरती के साथ समापन हुआ। जागरण में गोबिंद मंदिर की भजन मंडली,भजन गायक विजय त्यागी, मुरारी लाल सोनी, मानवी भारद्वाज, पंडित त्रिलोक रामायणी, अरुण सैनी,गोपाल वर्मा, शीतल चौधरी दिल्ली, ऊमा, दीप्ति, जुली नितेश, विनोद शर्मा ने भजन, अलिबक्स और रसिया गीतों के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं को मनमोहित कर दिया। पंडित टेकचंद ने सभी श्रद्धालुओं पर



गुलाब के फूलों व अबीर गुलाल की बौछार संगीत के साथ करके होली खेली। उन्होंने बताया जागरण में स्थानीय श्रद्धालु व आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचते हैं इस अवसर पर अशोक मुदगिल, उमेश भारद्वाज, बलवंत राय कौशिक, रमेश वशिष्ठ, शिवदयाल सैनी, उमेश भारद्वाज, राजेश शर्मा, आर पी यादव एडवोकेट, महेंद्र चक्रवती एडवोकेट, विनोद शर्मा, पंडित राधेश्याम सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महिला दिवस सप्ताह पर परिसगोपाल ट्रस्ट आयोजित करेगा फ्री हेल्थ चेकअप शिविर

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** परिसगोपाल ट्रस्ट द्वारा महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर फ्री हेल्थ चेकअप शिविर एवं परामर्श ओपीडी का आयोजन किया गयाद्य जिसका समय सुबह बजे 10 स्थान प्रयास क्लीनिक एंड लैब पर रखा गया है। परिसगोपाल ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष पारीसा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिसगोपाल ट्रस्ट महिला दिवस 8 मार्च से धूमधाम से मना रही है और उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं का सम्मान सबसे ज़रूरी है द्य उनके नेतृत्व में हाल ही में संपन्न हुए जी 20 सम्मेलन के माध्यम से पूरे विश्व में भारत का लोहा माना है। उन्होंने कहा कि वे इस अवसर पर सभी बहनों को संदेश दिया कि समय



समय पर अपनी स्वास्थ्य जाँच करवाती रहें। जिससे वो खुद स्वस्थय रहकर अपने परिवार का अच्छे से ख्याल रख सके द्य इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जो महिला माँ शब्द से वंचित है। उनको वो हर संभव सुविधा प्रधान करवाना है, जिससे उन्हें ममता का सुख मिल सकें। पारीसा शर्मा ने कहा कि परिसगोपाल ट्रस्ट के माध्यम से इस अवसर पर जरूरतमंदों महिलाओं के लिए फ्री हेल्थ चेकअप शिविर एवं परामर्श ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं को सहायता पहुंचाना है और ट्रस्ट के माध्यम से सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं का जागरूकता संदेश भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ट्रस्ट इसी प्रकार जन सेवा के लिए समर्पित रहेगा और इसी प्रकार आमजन की सेवा का कार्य करता रहेगा।

# सेवा स्तंभ अन्य संगठनों के सहयोग से मनाएगा अंबेडकर जयंती समारोह



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सेवा स्तंभ जिला इकाई की बैठक जिला प्रधान भगत सिंह के सांभरिया की अध्यक्षता में डॉ.बी आर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी में संपन्न हुई। जिसमें अंबेडकर जयंती को मनाने के बारे में विचार विमर्श किया गया।

जिला प्रधान ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की इस बार सेवा स्तंभ, हजरस, सर्व कर्मचारी संघ, मिशन इक्विविलिटी आदि अन्य संगठनों के सहयोग से अंबेडकर जयंती समारोह को डॉ. बीआर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी में मनाएगा। इसी को लेकर आगामी बैठक (23 मार्च) में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को जिम्मेवारी सौंप दी जाएगी ।आज की इस बैठक में जिला प्रधान भगत सिंह सांभरिया, महासचिव आर.पी. सिंह दहिया, चीफ एडवाइजर धनपत सिंह रिटायर्ड गिरदावर, महिला विंग अध्यक्षा मोनिका मेहरा,कोषाध्यक्ष गजराज सिंह भूडपुर, आडिटर जितेंद्र मेहरा, प्रैस प्रवक्ता, होशियार सिंह अहरोदिया, कार्यकारिणी सदस्य किशन लाल थिरान, नरेंद्र मेहरा, रामनिवास गोठवाल, रिटायर्ड बीईओ राजकुमार जलवा, रामनिवास निम्भल, रिटायर्ड प्रिंसिपल सुखराम ढलियावास, लालचंद बड़गारिया, डा.सत्यपाल चौपड़ा, अमीर सिंह मैलावास व जगदीश आदि के अलावा अन्य साथी उपस्थित रहे।

# भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने सुंदर दास ग्रोवर व अमित सैनी रोहतकिया के बेटे के निधन पर जताया शोक

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/ रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ सोमवार को रोहतक पंहुचे। उन्होंने अपने रोहतक दौरे के दौरान प्रदेश के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के बड़े भाई स्व. सुंदर दास ग्रोवर और प्रसिद्ध गायक अमित सैनी रोहतकिया के नौ वर्षीय बेटे के असामायिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। श्री धनखड़ ने ग्रोवर परिवार को अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और ग्रोवर परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने दिवंगत स्व. सुंदर दास ग्रोवर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अर्पित की। भाजपा राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ हरियाणा के प्रसिद्ध गायक अमित सैनी रोहतकिया के निवास पर पहुंचे और उनके बेटे के असामयिक



निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने सैनी परिवार को अपना शोक प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखदायक है। छोटी सी उम्र में इस संसार से चले जाना परिजनों व शुभचिंतकों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस पीड़ा की घड़ी में वे उनके साथ हैं। इस उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ पहुंचकर संत समाज का आशीर्वाद लिया और महंत बालकनाथ से मुलाकात की। इस दौरान सांसद रामचंद्र जांगड़ा, दिनेश घिलौड़, पूर्व चेयरमैन अरविंद यादव, रोहतक जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सह मीडिया प्रमुख शमशेर खरक भी मौजूद रहे।

# देश की सुरक्षा और सबकी समृद्धि मोदी की गारंटी : जीएल

**जीएल शर्मा ने शक्ति केंद्र प्रवास सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं को दिया मिशन 2024 फतेह का मंत्र**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भाजपा ने लोस चुनाव की घोषणा के साथ ही अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भाजपा हरियाणा के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने शक्ति केंद्र प्रवास सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा तथा उन्हें मिशन 2024 फतेह करने का मंत्र दिया। पार्टी के दयानंद मंडल के अध्यक्ष अजीत भारद्वाज के मागदर्शन में राजेन्द्रा पार्क शक्ति केंद्र में शक्ति केंद्र प्रवास सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में देश और प्रदेश ने विकास की बुलंदियों को छूआ है। देश की सीमाएं आज सुरक्षित है। देश समृद्धि की नई गाथा लिख रहा है। देश की सुरक्षा और सबकी समृद्धि



मोदी की गारंटी है। पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में देश और प्रदेश ने जितना विकास किया है, उसकी कल्पना भी बेमानी है। जीएल शर्मा ने कहा कि इन 10 वर्षों में गुरुग्राम आईकॉन सिटी के रूप में उभरा है। रुग्राम का इंफ्रास्ट्रक्चर काफी मजबूत हुआ है। एक्सप्रेस-वे, हाइवे और सड़कों का बड़ा नेटवर्क खड़ा हुआ है। विकास के पथ पद तेजी से आगे बढ़ रहे देश और प्रदेश के एक-एक मतदाता मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुके हैं। कार्यकर्ताओं का जोश और मतदाताओ का उत्साह अभी से ही यह साबित कर रहा है कि 18वीं लोकसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के पिछले सभी रिकार्ड धवस्त होंगे। इस बार पूरे प्रदेश की दस की दस सीटों के साथ देश भर की सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 सालों में प्रदेश में जो विकास कार्य कराएं है वे अपने आप में एक इतिहास हैं। देश और प्रदेश की जनता विकास के नाम पर वोट करेगी। देश में अबकी बार 400 पार भाजपा का नारा है और वह पार करके रहेगी। फिर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की बड़ी जीत सुनिश्चित करने की दिशा में ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करें और उन्हें पार्टी की नीतियों और मोदी तथा नायब सैनी सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं से अवगत कराएं।

मंडल अध्यक्ष अजीत भारद्वाज ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सौंप रही है, उसे पूरी निष्ठा और मेहनत से पूरा करेंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री सर्वप्रिय त्यागी, सचिव महेश वशिष्ठ, मंडल महामंत्री महेंद्र शर्मा, कुंजल राठौर, भरत सिंह बोडवान, पवन जांघु, नरेंद्र गौड, सुरेखा देवी, मदन शर्मा, सुमन सिंह, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा देवी, डा सोमवीर सिंह, मोहन चंद लोहानी, उत्तराखंड प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य गगां सिंह नेगी तथा आईटी सेल के प्रभात गर्ग सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रोबोट से कराएं सीवर लाइन व हौद की सफाई : कुमारी सैलजा

**एसटीपी व सीवर लाइन में कर्मियों के उतरने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए सरकार**

**लगातार जा रही मेहनतकश कर्मियों की जान, फिर भी नहीं चेत रही सरकार**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, उत्तराखंड प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार को एसटीपी, सीवर लाइन आदि की सफाई के लिए रोबोट व मशीनरी का प्रयोग अनिवार्य करना चाहिए, ताकि गैस चढ़ने से मेहनतकश कर्मियों की जान को बचाया जा सके। साथ ही इनमें कर्मियों के उतरने पर तुरंत प्रभाव से



पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। गरीब परिवारों के युवा सीवर लाइन या हौद में उतरने से लगातार अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पलवल स्थित एशियन पेंट कंपनी में दो सफाई कर्मियों की मौत के मामले में प्रबंधन के खिलाफ हत्या का केस प्रदेश सरकार को दर्ज कराना चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार मृतकों के परिजनों को तुरंत प्रभाव से 30-30 लाख रुपये मुआवजा देना चाहिए। सीवर व एसटीपी में होने वाली मौतों के मामले में हरियाणा देश में तीसरे स्थान पर है, इससे ज्यादा शर्म की बात प्रदेश के लिए नहीं हो सकती। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज रोबोट का युग है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि निजी व सरकारी सीवर लाइनों की सैटेलाइट मैपिंग कराए और थ्री-डी तकनीक का सहारा लेते हुए इनकी सफाई कराए। इसके लिए अगर रोबोट खरीदने पड़े तो खरीद ले, लेकिन लोगों की जान जाने से जरूर बचाए। सफाई कर्मियों को एसटीपी, हौद व सीवर लाइनों में उतारने के जिम्मेदार अफसरों, कंपनियों पर ठोस कार्रवाई न होने की वजह से भी उनके हौंसले बुलंद हैं और वे बार-बार नियमों की अवहेलना कर रहे हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि मैनुअल स्कैवेंजर्स और उनके पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत एसटीपी या सीवर लाइन में किसी भी कर्मी को उतारे जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद हर साल गरीब परिवारों से आने वाले कामगारों को इनमें उतर कर अपनी जान गंवानी पड़ रही है। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार पूरी तरह से गरीब सफाई कर्मियों की विरोधी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को किसी भी एसटीपी, हौद व सीवर लाइन में सफाई कर्मियों के उतरने पर तुरंत प्रतिबंध लगाते हुए इनकी सफाई के तौर-तरीकों में बदलाव करना चाहिए। एसटीपी व सीवर लाइन पर कार्यरत कर्मियों के लिए बनाए गए कानून को न तो सरकारी विभागों में लागू करवाया जा रहा है और न ही ठेकेदारों पर कानून मानने का दबाव बनाया जा रहा है। इसलिए ऐसी तमाम घटनाओं की जिम्मेदार प्रदेश सरकार है।

# नवनियुक्त एसपी शशांक कुमार सावन ने जिला पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं का बारीकी से किया निरीक्षण

## सभी शाखाओं की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रेवाड़ी की सभी शाखाओं औचक निरीक्षण किया और शाखाओं में तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों से परिचित हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शाखाओं का बारीकी से निरिक्षण कर शाखाओं से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी शाखाओं की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर संबंधित पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को शाखाओं में आवश्यक सुधार करने के मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शिकायत शाखा में शिकायतों के



निपटान के संबंध में कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया और शिकायतों को संबंधित थाना, चौकी, विशेष यूनिट व पर्यवेक्षण अधिकारियों के पास समय से भेजकर शिकायतकर्ता की समस्या का उचित समाधान करवा कर उसे न्याय दिलवाने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा शाखा में विदेशी नागरिकों से संबंधित सत्यापन, पासपोर्ट व अन्य विभिन्न प्रकार की पुलिस वेरिफिकेशन की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और सभी प्रकार के सत्यापन तय समय से करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए वहां तैनात कर्मचारियों को साफ- सफाई व स्वच्छता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी कार्य को अनावश्यक लंबित न रखने तथा कार्यालय के रिकॉर्ड को दुरुस्त रखने की भी हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सभी शाखा प्रभारियों को अपना काम निष्ठापूर्वक करने तथा आमजन के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने व आमजन से सभ्य व्यवहार करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मचारियों से प्रतिदिन प्राप्त फोन कॉल की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य लिपिक निरीक्षक सुनीता देवी, इंचार्ज सुरक्षा शाखा निरीक्षक सुरेश कुमार, प्रवाचक पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी एएसआई तेजपाल, सेना लिपिक एएसआई अरुण कुमार सहित विभिन्न शाखाओं के इंचार्ज व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

V.R
INSURANCE SOLUTION
SUDHIR YADAV
MOB.NO 9999703550
DEALS IN
MOTAR CAR , BIKE & MEDICLAIM INSURANCE
SHOP NO. 687 , YADAV COLONY , MOHANA ROAD BALLABGARH , OPP DEEP DHARAM KATA , 121004